दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 94 | सीकर, मंगलवार 02 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## जोहड़ में अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन

### कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महपालवास में जोहड़ की सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर सौलर प्लांट लगाने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा जोहड़ की भूमि का सीमा ज्ञान करवाने को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम पंचायत महपालवास के सरपंच प्रतिनिधि सुखवीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी स्वाती झा को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर विनोद लोहान, जगदीश लोहान, सत्यवीर सिंह, उम्मेद सिंह, राजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, रणधीर, मातुराम, विकास, सतीश कुमार, राजपाल, नरेश कुमार, करण सिंह, सुभाष चंद्र, मनोज कुमार, उमराव सिंह, ओमवीर, प्रीतम, प्रकाश, महेश, राजवीर, रोहिताश, बजंगरलाल सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

#### सरकारी भूमि पर प्लॉट काटने का आरोप

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत महपालवास की राजकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित भूमि पर पत्थर गाड़कर प्लॉटों का सीमांकन भी किया गया है। पंचायत का कहना है कि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है और इस पर किसी भी प्रकार की निजी प्लॉटिंग या कब्जा नियमों के विरुद्ध है।

#### प्रशासन को कई बार कराया गया अवगत

सुखवीर सिंह ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की ओर से इस मामले की जानकारी कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। पंचायत का कहना है कि कार्रवाई में देरी के कारण कथित कब्जाधारियों के हौसले बढ़ रहे हैं तथा सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।

#### निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित भूमि का तत्काल मौके पर निरीक्षण कराया जाए और अवैध प्लॉटिंग तथा कब्जे के प्रयासों को रोका जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

#### आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत महपालवास ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत और ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा

### देशभर में हीटवेव खत्म; राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे, एमपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश



नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरलम और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है।

देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। सोमवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान के कई इलाकों में बारिश हुई। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है।

उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। बिहार के सासाराम में भी दोपहर बाद बारिश हुई। वहीं झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इस साल कम हो सकती है बारिश मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल देश में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। पूरे सीजन में बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज का लगभग 90% रहने का अनुमान है।

## राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश से बदला मौसम, भीषण गर्मी से मिली राहत



जयपुर।

राजस्थान में बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान में औसतन 10 से 12 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है. जयपुर में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राज्य के किसी भी शहर में तापमान 40 डिग्री के पार नहीं पहुंचा. मौसम विभाग के अनुसार कई जगहों पर हल्की बारिश और आंधी चल रही है. आसमान में कभी बादल छा रहे हैं तो कभी धूप निकल आ रही है, जिससे मौसम बेहद सुहावना बना हुआ है.

#### 5 जून से फिर बढ़ सकता है तापमान

मौसम विभाग ने राज्य के दो दर्जन से अधिक जिलों में आज भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है. हालांकि, विभाग के मुताबिक 5 जून से तापमान में एक बार फिर बढ़ोतरी हो सकती है. लोगों का कहना है कि पिछले दिनों की भीषण गर्मी से वे बेहाल हो गए थे. अब राहत मिलने पर लोग सैर-सपाटे पर निकल रहे हैं. कई लोग प्रार्थना कर रहे हैं कि मौसम इसी तरह सुहाना बना रहे. इससे पहले कल जैसलमेर में आए बवंडर ने काफी तबाही मचाई थी, लेकिन पिछले दो दिनों से बवंडर की गतिविधि शांत नजर आ रही है. फिलहाल तापमान गिरने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं.

## पुरुषोत्तम मास में निकली छह कोसीय परिक्रमा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर समाज श्री सीताराम जी की ओर से छह कोस की पारंपरिक परिक्रमा धूमधाम से निकाली गई। परिक्रमा का शुभारंभ सुबह 7 बजे मंदिर श्री सीताराम जीए छोटी चौपड़ से हुआ।



परिक्रमा त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, धुलेश्वर महादेव, पंचमुखी हनुमान, गढ़ गणेश और लाल डूंगरी स्थित गलता सहित विभिन्न मंदिरों के दर्शन करते हुए पुनः सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार व त्रिपोलिया बाजार से होती हुई मंदिर श्री सीताराम जी पहुंचकर संपन्न हुई। संस्था के मंत्री रामबाबू झालानी ने बताया कि परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं ने ढोलक-मंजीरों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में हर तीन वर्ष में यह परिक्रमा छोटी चौपड़ से निकाली जाती है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भाद्रपद मास में जन्माष्टमी पर परंपरागत परिक्रमा होती है, उसी तरह नर्सिंग अवतार के अवसर पर भी यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। परिक्रमा के समापन पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

## जेईई एडवांस्ड में पीसीपी के विवेक गुप्ता की ऑल इंडिया 225वीं रैंक

### पीसीपी के चार विद्यार्थी ऑल इंडिया अंडर 800 रैंक में शामिल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** आईआईटी द्वारा घोषित जेईई एडवांस्ड 2026 रिजल्ट में सीकर स्थित आईआईटी जेईई एवं नीट कोचिंग संस्थान पीसीपी, प्रिंस के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। पीसीपी के विवेक गुप्ता ने कक्षा 12वीं के साथ ऑल इंडिया ओवरऑल 225वीं रैंक हासिल की है। पीसीपी के चार विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया ओवरऑल अंडर 800 रैंक में स्थान हासिल किया है। नवदीप मान ने कक्षा 12वीं के साथ ऑल इंडिया ओवरऑल 469वीं रैंक, बृजकिशोर ने कक्षा 12वीं के साथ ऑल इंडिया ओवरऑल 677वीं रैंक एवं विकास ढकरवाल ने कक्षा 12वीं के साथ ऑल इंडिया ओवरऑल 779वीं रैंक हासिल की है। इसके साथ ही पीसीपी के कई सैंकड़ों विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की है। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर पीसीपी में जश्न का माहौल रहा। टॉपर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया गया। शानदार आतिशबाजी की गई एवं विद्यार्थियों ने डीजे की धुन पर जमकर डांस किया। प्रिंस एजुकेशन निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, एकेडमिक हेड राकेश रुहेला, जेईई हेड नीरज अग्रवाल, पुनीत शर्मा, अर्चित जाखड़, ओंकार मूंड, विनोद शर्मा, जेईई कॉर्डिनेटर योगेश यादव सहित फैकल्टी मेंबर्स ने चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।



## पटवारी आठ हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की पाली-प्रथम टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए लाटाडा तहसील बाली जिला पाली के पटवारी विक्रम को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार आरोपित पटवारी द्वारा परिवादी से पूर्व में क्रय की गई भूमि के नामांतरण एवं विभाजन की एवज में 11 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से 5 हजार रुपये पूर्व में ले लिए गए थे। इसके अतिरिक्त परिवादी की माता के नाम पटवार हल्का लाटाडा स्थित भूमि खसरा संख्या 80 के सीमांकन के लिए 2 हजार रुपये की और मांग की जा रही थी। इस प्रकार पूर्व में किए गए कार्यों एवं वर्तमान कार्यों के एवज में कुल 8 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर परिवादी को परेशान किया जा रहा था। शिकायत प्राप्त होने पर एसीबी चौकी पाली-प्रथम द्वारा मामले का सत्यापन किया गया। इसके बाद एसीबी जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में तथा एसीबी पाली-प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र डुकिया के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपित पटवारी विक्रम को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है।

## 10 जून को सजेगा भव्य फूल बंगला

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी स्थित माउंट रोड पर स्थित प्रसिद्ध श्री नहर के गणेश जी मंदिर में आगामी 10 जून, बुधवार को भव्य फूल बंगला उत्सव और भजन संध्या का आयोजन बेहद श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन ब्रह्मलीन महंत पंडित रामेश्वर लाल महाराज की असीम कृपा से आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर मंदिर प्रशासन और भक्तों में भारी उत्साह है। बुधवार को होने वाले इस उत्सव के तहत दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा, प्रातः 5 बजेः भगवान गणेश जी महाराज के सम्मुख भव्य फूल बंगला झांकी के दर्शन प्रारंभ होंगे। रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से महराज का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा।

## कांग्रेस का प्रदर्शन, रैली निकालकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने झुंझुनू में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विरोध जताया तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों एवं प्रशासनिक विफलताओं के कारण प्रदेश की आम जनता परेशान है। बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वहीं बेरोजगारी, महिला अत्याचार और नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं में अविश्वास, अवसाद और निराशा का माहौल बन रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में पेयजल संकट, बिजली कटौती, सफाई व्यवस्था की बदहाली और बिगड़ती कानून व्यवस्था से आमजन परेशान है। सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में विफल साबित हो रही है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई कि सरकार को जनहित के मुद्दों पर आवश्यक निर्देश दिए जाएं तथा संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आमजन को राहत दिलाई जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो पार्टी आमजन के साथ मिलकर सड़क पर संघर्ष को और तेज करेगी। इस दौरान प्रदर्शन में पीसीसी सचिव, झुंझुनू विधानसभा प्रभारी इस्लाम खान, गिडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, झुंझुनूं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमत अली, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस झुंझुनू खलील बुडाना, प्रदीप कुमार सैनी, पूर्व चैयरमैन तैयब अली, सेवादल अध्यक्ष हारून लालपुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत चंदेलिया, मण्डल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, पूर्व पं.स. सदस्य लालचंद सैनी, मण्डल अध्यक्ष ताराचंद सैनी, पूर्व उपसभापति राकेश झाझड़िया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष पवन गाडिया, मोहसिन खान, इन्द्र लाम्बा, विजयपाल लोदीपुरा, विनोद लोदीपुरा, मण्डल अध्यक्ष विरेन्द्र भैड़ा, रामनारायण कुमावत, उमर कुरैशी, अब्दुला अगवान, भुराराम लालपुरिया, छोटूराम, धर्मपाल खेदड़ शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस झुंझुनू, जुल्फिकार खोखर, जुबैर सैयद, तौफिक रहमानी, इलियास, सुनिल बुंदेला/खरातीलाल, मनोज कुलहरी, नवीन कुमार, मण्डल अध्यक्ष विजयसिंह लाखलाण, मण्डल अध्यक्ष राकेश राहड़, बगड़ नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुमावत, सुभाष आल्हा, रियाज चायल, सद्दरूदिन ठेकेदार, राकेश झाझड़िया, विकास गुर्जर, राजकुमार डिग्रवाल, सलीम चौहान, रामोतार, जगदीश सिहाग, विक्की, मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र झाझड़िया, दीपक धींवा चनाना, मण्डल अध्यक्ष मुमताज अली, अयुब कबाड़ी सहित झुंझुनू शहर के दोनों मण्डल, बगड़ मण्डल, सुल्ताना मण्डल के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहें।

### कोबरी-सार



## पूर्ण आहुति के साथ श्रीमद् भागवत कथा सम्पन्न



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन रविवार देर शाम को पूर्ण आहुति के साथ हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष सवाईसिंह सिराधना एवं सावित्री देवी सिराधना की मुख्य यजमानी में श्रीधाम बरसाना वाले पंडित विशम्भर दयाल महाराज ने विधि-विधान से यज्ञ एवं पूजा-अर्चना के साथ पूर्ण आहुति दी।

कथा वाचक पंडित विशम्भर दयाल महाराज ने अपने समापन उद्बोधन में भक्तों को भागवत के महत्व और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और उसे आत्मिक शांति मिलती है। कथा के संपन्न होने पर 35 किलो खीर प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर मंदिर महामंत्री अभीषेक पारीक, उपाध्यक्ष राजेश डाढेल, राजेश दौचानिया, मंदिर मंत्री विमल शर्मा, संजय जिंदड़, राजकुमार टेलर, राजेश नारवाल, आनंद शर्मा, रोहिताश्व स्वामी, रमेश कुमार, श्रवण सैन, पंडित सुमन तिवाड़ी, कमलसिंह, पप्पु अग्रवाल, बिमला कुमावत, मन्नु देवी, रेश्मा, मुकेश देवी, शशीबाला, मंजू देवी, मान कंवर, मगन कंवर, बैला जोशी आदि श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## दीपेंद्र सिंह का पैरा कमांडो पद पर चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जाखल के युवा दीपेंद्र सिंह पुत्र ओमपाल सिंह हेली का भारतीय सेना के प्रतिष्ठित पैरा कमांडो पद पर चयन होने से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। दीपेंद्र सिंह की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। महेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि दीपेंद्र सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। खास बात यह है कि एक सप्ताह के भीतर उनकी दूसरी नौकरी लगने से परिवार की खुशी दोगुनी हो गई है। उनकी इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। दीपेंद्र सिंह के चयन की सूचना मिलते ही परिवारजनों और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। लोगों ने कहा कि गांव के युवाओं के लिए यह गर्व का विषय है तथा दीपेंद्र की सफलता से अन्य युवाओं को भी देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी।ग्रामीणों ने दीपेंद्र सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी तरह अपने परिवारए गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहें। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

## रक्तदान शिविर आयोजित




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** ब्लॉक के गांव गेनाणा की युवा टीम द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पूर्व उप प्रधान लिछमा देवी मेघवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य चुकी देवी मेघवाल पत्नी कालूराम गेनाणा, राजस्थान शिक्षक संघ के अध्यक्ष नानू राम गोदारा, रामदेव चोयल, चौधरी हुकमाराम चोयल व सुमित्रा चोयल निदेशक बिरधा शिक्षण संस्थान गेनाणा ने फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। गेनाणा में इस प्रकार के रक्तदान शिविर का पहली बार आयोजन हुआ है जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। निम्बी जोधा थाना के थानेदार सिद्धार्थ प्रजापत ने भी शिविर का निरीक्षण करते हुए खुद ने भी अपना रक्तदान किया। शिविर में जगदीश कासनियां व कृष्ण गोपाल कासनियां निदेशक कृष्णा शिक्षण संस्थान रताऊ, विकास बुरड़क, युवा नेता संग्रामाराम ढाका, शिक्षाविद् रामप्रसाद जाखड़ और भाजपा पदाधिकारी अर्जुन सिंह ने पहुंचकर युवाओं का हौंसला बढ़ाया। दोपहर शिविर समाप्ति तक 117 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। शिविर में शिक्षक नेता नानू राम गोदारा ने अपनी की बेटी प्रियंका पौत्र नरेन्द्र गोदारा सहित तीन पीढ़ियों ने एक साथ रक्तदान किया।

## मानसून को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

### 15 जून से 24 घंटे संचालित होगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आगामी मानसून सत्र 2026 के दौरान जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. अरुण गर्ग ने 15 जून से 30 सितम्बर तक जिला कलेक्ट्रेट परिसर के कमरा नंबर 114 में 24 घंटे संचालित होने वाले बाढ़ नियंत्रण कक्ष फ्लड कंट्रोल रूम की स्थापना के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 01592-232237तथा 1077 रहेगा। नियंत्रण कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चार पारियों में ड्यूटी लगाई गई है, जिससे मानसून अवधि में किसी भी आपदा या आपात स्थिति पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नियंत्रण कक्ष राजस्व एवं राहत कार्यों के समन्वय का केंद्र रहेगा। जिले में होने वाली वर्षा, जलभराव, बाढ़ अथवा अन्य आपदा संबंधी सूचनाओं का संकलन कर संबंधित विभागों को तत्काल अवगत कराया जाएगा। सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र में होने वाली वर्षा की दैनिक रिपोर्ट सुबह 8 बजे एवं शाम 5 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आदेशों के अनुसार नियंत्रण कक्ष में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी बिना अनुमति अवकाश नहीं ले सकेंगे तथा उन्हें निर्धारित समय से पूर्व कार्यस्थल नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। मानसून अवधि के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय के लिए विस्तृत रोस्टर भी जारी किया गया है।

# नगरपरिषद पर धरना देकर किया प्रदर्शन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय पर पहुंचकर अनेक लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और धरना भी दिया। शहर की सबसे बड़ी समस्या आने वाले दिनों में बरसाती जल की निकासी के स्थायी समाधान को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान अरविंद विश्वेंद्रा, विजयपाल श्योराण, अनिल माटोलिया, हरीराम, विनोद सेन आदि ने नारेबाजी करते हुए पानी निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। उसके बाद कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक नगरपरिषद पहुंचे, जिस पर धरनार्थियों से वार्ता की गई। अरविंद विश्वेंद्रा ने बताया कि पिछले साल बारिश के कारण काफी त्रासदी सुजानगढ़ की जनता को झेलनी पड़ी और इस बार भी वही हालात होने जा रहे हैं इसलिए जल्द से जल्द स्थायी समाधान किया जावे।

विजय पाल श्योराण ने भी जन समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की। वहीं आयुक्त ने कहा कि इसको लेकर कमेटी का गठन कर दिया जायेगा, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। नालों की सफाई को लेकर भी चर्चा हुई। कॉमरेड जगदीश नाथ ने कहा कि वार्ड संख्या 5 में सीवरेज से पानी लीक होकर सड़कों पर आ रहा है और सम्बंधित लोगों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। श्याम स्वर्णकार ने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं होनी चाहिए ताकि इस साल तो लोगों के घर नहीं डूबें। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने कहा कि प्रशासन पहले से ही सतर्क है और करीब 2 हजार मिट्टी के कट्टे भी भरवाये गये हैं। दूसरी ओर नालों की सफाई कार्य का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, ताकि सारे नालों की अच्छे से सफाई हो।

प्रदर्शनकारियों की ओर से आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले सीवरेज-ड्रेनेज कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करवाने, जलभराव का स्थायी समाधान, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने, वर्षा पूर्व मुख्य बाजारों के नालों की सफाई करने, जल स्त्रोतों का संरक्षण करने, जल भराव क्षेत्रों की सफाई करवाने की मांग की गई। सोचने वाली बात ये है कि ड्रेनेज के कार्य की जांच की मांग क्यों की गई है क्योंकि अभी तो ड्रेनेज का कार्य शुरू हुए मात्र दो तीन महीने का समय ही बीता है। ड्रेनेज का काम शुरू होते ही जांच की मांग करना अपने आप में आश्चर्यजनक है।

# मंत्रालयिक कर्मचारियों ने स्वाभिमान बचाओ आंदोलन का किया आगाज

निसं



**पाटन ( नवयत्न )।** पंचायतीराज संस्थाओं के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने लंबित मांगों के निराकरण को लेकर स्वाभिमान बचाओ आंदोलन का आगाज कर दिया है। कर्मचारियों ने ब्लॉक अध्यक्ष रामजीलाल गुर्जर के नेतृत्व में पंचायत समिति पाटन की विकास अधिकारी शशिबाला को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया। संगठन के प्रदेश मुख्य संयोजक अनिल सिंह तंवर ने बताया कि पंचायतीराज विभाग द्वारा मंत्रालयिक संवर्ग के करीब 16 हजार कर्मचारियों की मांगों को लंबे समय से लंबित रखा जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग उनके साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है तथा विभिन्न मांगों को कनिष्ठ लिपिक भर्ती-2013 की जांच के नाम पर टाला जा रहा है। जिला कोषाध्यक्ष नोरंग लाल भारद्वाज ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में केडर रिव्यूए पदोन्नति के पदों में वृद्धि, ग्राम पंचायत स्तर पर स्पष्ट कार्य विभाजन, न्यायालय के आदेशानुसार लाभ प्रदान करना, अंतर जिला स्थानांतरण तथा आरआरडीएस में पदोन्नति के 50 प्रतिशत पद आरक्षित करना शामिल है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर ज्ञापन, कार्य बहिष्कार, मुख्यमंत्री घेराव और जयपुर तक पदयात्रा सहित चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहनलाल गुर्जर, इरफान खान, अमीचंद यादव, विकम योगी, राजेश मीणा, सुनीता यादव, मंजू गुर्जर, संजू सैनी, मुकेश चेडवाल, दीपक वर्मा, जितेंद्र जाटोलिया, हरदान खटाणा सहित मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाघसरा आथूणा में हुई किसान गोष्ठी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कृषि विभाग द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत उपखंड अधिकारी के निर्देशों पर गांव बाघसरा आथूणा में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक कृषि निदेशक गोविंद सिंह राठौड़, सहायक कृषि अधिकारी रतनलाल यादव, कृषि पर्यवेक्षक सुमित्रा चौधरी, पूजा वर्मा ने सभी ग्रामीणों व किसानों से जल संरक्षण की अपील की। इसी प्रकार किसानों को फव्वारा ड्रीप पद्धति, डिग्गी में जल संरक्षण करने, रासायनिक खाद का कम उपयोग करने, जैविक खेती आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर फार्म पोंड की 18, पाईप लाइन की 68 प्रशासनिक स्वीकृतियां भी जारी की गई। सोलर उपयोग प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

## पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बिनादेसर में पिछले दो वर्षों से जारी पेयजल संकट को लेकर सोमवार को ग्रामीणों और किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आया। लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में एक वर्ष पूर्व पेयजल टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन आज तक उसमें पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। इसके चलते गांव के लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शन के दौरान कामरेड भादर भामू ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में आमजन पानी की एक.एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पांच दिनों के भीतर पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया और नई टंकी से जलापूर्ति शुरू नहीं हुई, तो ग्रामीण उपखंड कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि तुलसीराम सारस्वत ने कहा कि ग्रामीणों को मजबूरन1000 रुपए टैंकर के देकर पानी डलवाना पड़ता है पशुओं के लिए भी पीने का पानी का बहुत बड़ा संकट है एडवोकेट शिव भगवान सारस्वत ने कहा कि कांग्रेस विधायक कांग्रेस सांसद केवल जीत के चले जाते हैं उनको इस महत्वपूर्ण समस्या के बारे में अनेकों बार अवगत करवा चुके हैं लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है इस अवसर पर मेघवाल समाज के तहसील अध्यक्ष कालूराम मेघवाल, भीम आर्मी सेना के अध्यक्ष श्रवण बारूपाल, कालूराम नाई, मनोज सारस्वत, राजू सारस्वत, तोलाराम जाट, शिव भगवान शर्मा, राजूराम मेघवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण और किसान मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नई टंकी से जलापूर्ति शुरू कर बिनादेसर की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# पेपर लीक व महंगाई को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी का पुतला फूंका

श्रवण सारस्वत



**रींगस ( नवयत्न )।** कांग्रेस ने सोमवार को बढ़ती महंगाई व पेपर लीक की घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। ब्लॉक कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल का पुतला तहसील के सामने जलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राम नाम सत्य है के नारे लगाये। इसके बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने तहसीलदार व उपखण्ड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजिया, उपाध्यक्ष सुरज्ञान धाबाई ने बताया कि मोदी सरकार में नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम रोजाना बढ़ रहे है। इससे किसानों, मजदूरों व आम लोगों की रीढ़ टूट रही है, लोग महंगाई से त्रस्त है। महंगाई व पेपर लीक की घटनाओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने रींगस में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान तहसील के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजन लाल का पुतला फूंका। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। इस दौरान तहसीलदार राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी को भी ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान जोरावर सिंह पावण्डा, बीरबल बधाला, बनवारी हरितवाल, रिछपाल सिंह कोटड़ी, सोहन लाल ठिकरिया, सुरेन्द्र सिंह बेनीवाल, बाबू लाल बगड़िया, सांवर मल चौधरी, सुखाराम पावण्डा, मदन लाल टांक, अमित कुमावत, नरेन्द्र कुमावत, राजू मारवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## राजस्थान पेंशनर समाज के उपाध्यक्ष व्यास नहीं रहे



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज नोखा ने अपने एक साथी पेंशनर समाज के उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रिंसीपल जयदयाल व्यास नोखा को खो दिया। व्यास लम्बे समय से संगठन के पदाधिकारी रहते हुए समाज की सेवा की जिसे भुलाया नहीं जा सकता। व्यास 1 जून को प्रातः 5 बजे देवलोक गमन कर गये। पेंशनर समाज को हुई इस क्षति की पूर्ति नहीं हो सकती। पेंशनर समाज भगवान से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देवें और परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## विद्युत समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** बिजली विभाग में क्षेत्र में बार-बार विद्युत ट्रिपिंग, विद्युत फाल्ट, अघोषित बिजली कटौती एवं लंबे शटडाउन की समस्या के स्थायी समाधान हेतु चीफ इंजीनियर झुंझुनू के नाम सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। पबाना प्रशासक विजेंद्र सिंह डोटासरा के नेतृत्व में व्यापारियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया की किसान, व्यापारी एवं आमजन पिछले काफी समय से गंभीर विद्युत समस्याओं का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में आए दिन बार-बार बिजली ट्रिपिंग, अघोषित विद्युत कटौती तथा लंबे समय तक शटडाउन की स्थिति बनी रहती है, जिससे जनजीवन अत्यंत प्रभावित हो रहा है। बार-बार होने वाली विद्युत बाधाओं के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, किसानों को सिंचाई कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की दैनिक दिनचर्या भी बाधित हो रही है। गर्मी के मौसम में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आमजन में भारी रोष एवं असंतोष व्याप्त है।

यह समस्या कोई नई नहीं है बल्कि पिछले काफी समय से लगातार बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायतें एवं मांगें किए जाने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। परिणामस्वरूप क्षेत्र के नागरिक, किसान, व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि विभाग को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराने तथा समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए कार्यलय का घेराव किया। सहायक अभियंता ने आश्वासन दिया है कि 7 दिन में समस्यायो को दुरस्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर बजरंगलाल जांगिड़, रामनाथ बागंडवा, भंवरसिंह पटवारी, प्रदीप मुहाल, महेन्द्र दादखाल, सुरेश शर्मा, महेश डोटासरा, सीपी जांगिड़, पुरणमल खीचड़, सत्यनारायण जांगिड़, शीशराम काला, कमलेश खीचड़, विजेन्द्र ख्यालिया, विद्याधर डोटासरा, नेकीराम डोटासरा, गोविन्द जांगिड़, मुकेश डोटासरा, लच्छूराम कुमावत, मोहम्मद मुंशी, नरपत सिंह, श्रवण खरेशिया, नानूराम जांगिड़, शिशपाल रेवाड़ मौजूद रहे।

## निवर्तमान पार्षद पहुंचे धरने पर



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गांधी चौक पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाये जाने की मांग को लेकर लगातार धरना 30 वें दिन भी नगरपरिषद कार्यालय के बाहर जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में दिए जा रहे धरने पर अनेक निवर्तमान पार्षदों ने भी शिरकत की और धरने की मांगों को बुलंद किया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद विजय बटेसर, इकबाल खान, बिलाल भूरान, तरुण सियोता, इस्माइल खान, लियाकत खान, अमजद खान, एडवोकेट सलीम खान आदि ने धरने की मांगों को समर्थन दते हुए प्रशासन से जल्द मांगे माने जाने का निवेदन किया। धरने पर सुरेश लाखन, हरीश कुमार, सोहिल गोपालपुरिया, जगदीश नाथ, हीरालाल तंवर, विजयपाल श्योराण, गोपाल मोयल, आरिफ खान अध्यक्ष नूर नगर वेलफेयर सोसाइटी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष फारूक भुट्टा, प्रीतम सांखला, नेमाराम मंडा, जितेंद्र वाल्मीकि, अर्जुन सियोता, आसिफ खान आदि भी मौजूद रहे।

## पिता की पुण्यतिथि पर सैनी ने 46वीं बार रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सोमवार को सुंदर लाल सैनी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। प्रीति मेमोरियल सोसायटी, आदर्श नगर बगड़ के संस्थापक हितेश सैनी ने बताया कि सोसायटी के कर्मठ एवं सेवाभावी सदस्य वेदप्रकाश सैनी निवासी आदर्श नगर, बगड़ ने अपने पूज्य पिता सुंदर लाल सैनी की पुण्यतिथि पर बीडीके अस्पताल, झुंझुनू के ब्लड बैंक में 46वीं बार रक्तदान कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। मानव सेवा के प्रति समर्पित वेदप्रकाश सैनी निरंतर जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। वे प्रत्येक वर्ष तीन बार नियमित रूप से रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उनका यह सेवाभाव न केवल श्रद्धांजलि का एक उत्कृष्ट उदाहरण है बल्कि समाज को मानवता और परोपकार का संदेश भी देता है। इस अवसर पर माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, जयभगवान सैनी, बाघसिंह तोमर, चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष देवकरण सैनी, एसआई बाबूलाल सैनी और ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी, वरिष्ठ अध्यापक दलीप सैनी, विक्रम रतनशहर, यशपाल सैनी, सब इंस्पेक्टर सुनील सैनी ने रक्तदाता वेदप्रकाश की हौंसला अफजाई की।

# जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा आंदोलन है : भाम्बू

## उद्यान विभाग के नए भवन का लोकार्पण

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनू के उप निदेशक उद्यान विभाग को सोमवार को अपना स्थायी कार्यालय भवन मिल गया। छह कमरों और एक बड़े हॉल से सुसज्जित नवीन भवन का लोकार्पण विधायक राजेंद्र भांबू एवं जिला कलेक्टर डॉण् अरुण गर्ग ने किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि नए भवन के निर्माण से विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा किसानों को योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का बेहतर लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने और किसानों के साथ विभाग के सीधा संवाद स्थापित करने में यह भवन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा आंदोलन है। पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आह्वान किया कि अभियान को निर्धारित अवधि तक सीमित न रखकर प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि नए भवन से किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रगतिशील किसानों की संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने किसानों को पर ड्रॉप, मोर क्रॉप की अवधारणा समझाते हुए पानी की प्रत्येक बूंद से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों की जानकारी दी तथा सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लघु एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों तथा सौर ऊर्जा संयंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। किसानों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आधुनिक जल संरक्षण तकनीकों और कृषि नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने वाले किसानों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ किसानों को चंदन के पौधे वितरित किए गए। दीपिका नर्सरी, सोलाना द्वारा किसानों को चंदन के पौधे उपलब्ध कराए गए। समारोह में उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. विजयपाल कस्वा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र लांबा, सहायक निदेशक सुमन कस्वा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दयानंद, कृषि विस्तार उपनिदेशक डॉ. संध्या ढाका, कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कुमार खालिया, डॉ. मुकेश चाहर, डॉ. रवि रेपसवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौर, वंदे गंगा अभियान के समन्वयक विशंभर पूनिया, संयोजक राकेश शर्मा, कमलकांत शर्मा, अरूणा सिहाग, दलिप सैनी, पुरुषोत्तम खाजपुरिया सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद फगेड़िया ने किया।



# प्रमोद बैद सर्व सम्मति से अध्यक्ष बने



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा लाडनूं की साधारण सभा की बैठक का आयोजन पहली पट्टी स्थित ऋषभ द्वार के प्रांगण में हुआ। नवकार मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पूर्व मीटिंग की पुष्टि व मंत्री प्रतिवेदन सभा के मंत्री राकेश कोचर ने प्रस्तुत किया जिसको सभी ने सर्वसम्मति से पारित किया। तत्पश्चात आय व्यय का ब्यौरा सभा के अध्यक्ष प्रकाश बेद ने प्रस्तुत किया। नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी सुपारसमल बेद व छत्रसिंह कोचर ने चुनाव मानव प्रक्रिया प्रारंभ की सत्र 2026-28 के लिए प्रमोद बेद को सर्वसम्मति  से सभी ने अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया व उम्मेद बोकडिंया को न्यासी निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के उपाध्यक्ष राजेंद्र खटेड, कोषाध्यक्ष महेंद्र बाफना, सह मंत्री रंणजीत दुगड़, प्रचार मंत्री मनोज गोलछा व सदस्य गण सभी मौजूद रहे । सभी ने ओम अर्हम की ध्वनि के द्वारा अध्यक्ष व न्यासी के निर्वाचन  पर खूब-खूब बधाइयां दी। संयोजन सभा के सदस्य आलोक खटेड़ ने किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने जैन विश्व भारती में आचार्यश्री महाश्रमण, साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुत विभा, मुख्य मुनिश्री महावीर कुमार आदि सभी चरित्र आत्माओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# छेड़खानी के विवाद ने लिया हिंसक रूप

### युवक पर नुकीले औजार से हमला कर किया घायल

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर के पोस्ट ऑफिस के पीछे स्थित क्षेत्र में रविवार शाम एक लड़की से छेड़खानी को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक रूप में बदल गया। छेड़खानी की घटना से गुस्साए आसिफ पुत्र मोहम्मद इरशाद ने अशरफ खिलजी पुत्र मोहम्मद आरिफ सिलावट के चेहरे और गर्दन पर नुकीले औजार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल हालत में अशरफ को राजकीय चिकित्सालय लाडनूं पहुंचाया जहां उसका इलाज कर चिकित्सकों ने छुट्टी दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। जांच अधिकारी नवाब खान ने बताया कि घटना की रिपोर्ट अशरफ के भाई मुशर्रफ सिलावट से प्राप्त होने के बाद मामले के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इरशाद सिलावट पुत्र इब्राहिम सिलावट को शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है तथा हमले के मुख्य कारण और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका का भी पता लगाने में जुटी हुई है।

# इग्नाइट कोचिंग क्लासेज का हुआ शुभारम्भ

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय भोजलाई रोड पर इग्नाइट कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, कामरेड रामनारायण रूलानिया ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूसाराम गोदारा ने कहा कि क्षेत्र में यह अच्छी शुरुआत है और विद्यार्थियों के लिए यह सहायक सिद्ध होगी। कामरेड रामनारायण रूलानिया ने कहा किसान मजदूर के बेटे जो पढ़ना चाहते हैं लेकिन सीकर, जयपुर जाकर महंगी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते, वो किसानों के बेटे सुजानगढ़ के कोचिंग क्लास में सस्ती व सुलभ शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। एडवोकेट बनवारी लाल बिजारणिया, पीसीबी स्कूल के प्रिंसिपल रणवीर सिंह, शिक्षक भागीरथ मल पचार, सुरजाराम भाकर आदि ने भी विचार प्रकट किए। इस अवसर पर बंशीधर यादव, रामचंद्र गोदारा, शुभकरण कासनिया, गणेशाराम, रामचंद्र गुलेरिया, संचालक मांगीलाल हुड्डा, मुकेश मंडा, कमलजीत सिंह, हनुमान चौधरी, मदनलाल गोदारा आदि ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

# डाइट में सेंटर ऑफ क्सीलेंस भवन का हुआ शिलान्यास

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट झुंझुनू में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ऑफ, ग्जिस्टिंग डाइट्स एज सेंटर ऑफ, क्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृत नवीन भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भांबू ने शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेश मील तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेन्द्र भांबू ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए डाइट को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नवीन भवन में स्मार्ट क्लासरूम, प्रशिक्षण कक्ष, प्रशासनिक कक्ष सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। डाइट की प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भवन संस्थान के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना से शिक्षक प्रशिक्षण में नवाचार, तकनीकी दक्षता और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा। जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि शिक्षा की मजबूत नींव ही जिले और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। डाइट के अधोसंरचना विकास से शिक्षक प्रशिक्षण को नई गति मिलेगी और शैक्षणिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। समारोह में डाइट के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवीन भवन निर्माण कार्य के शुभारंभ पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# मानसून से पहले स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## शुरू हुआ विशेष एंटी मलेरिया माह अभियान

सपना शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** जिले में मानसून के आगमन से पूर्व मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जून माह को एंटी मलेरिया माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पूरे माह विशेष अभियान चलाकर मच्छरों की रोकथाम, लार्वा नियंत्रण, जनजागरूकता और निगरानी गतिविधियों को गति दी जाएगी ताकि बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के खतरे को न्यूनतम किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव और शहरी क्षेत्रों में विशेष गतिविधियां संचालित करेंगी। अभियान के तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वल तथा एंटी एडल्ट गतिविधियां की जाएगी। साथ ही आवश्यक दवाइयों, जांच किटों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे किसी भी संभावित स्थिति का समय पर सामना किया जा सके। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान जलभराव और साफ-सफाई की कमी के कारण मच्छरों का प्रजनन तेजी से बढ़ता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को घरों और आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा नहीं होने देने, पानी की टंकियों को ढककर रखने तथा नियमित सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### 16 जून से 30 जून तक हैचरी क्रियाशील पखवाड़ा मनाया जाएगा

डिप्टी सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि अभियान का शुभारंभ एक जून सोमवार से हुआ। 16 जून से 30 जून तक हैचरी क्रियाशील पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मच्छरों के जैविक नियंत्रण के लिए गम्बुशिया मछलियों को स्थायी जल स्रोतों, तालाबों एवं अन्य जल निकायों में छोड़ा जाएगा। गम्बुशिया मछलियां मच्छरों के लार्वा को खाकर उनकी संख्या नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे बरसात के मौसम में मच्छरों का प्रकोप कम किया जा सकता है। इस एक माह चलने वाले अभियान में मुख्यत लार्वा पैदा होने वाले स्रोतों  का नष्टीकरण सोर्स रिडक्शन पर मुख्य फोकस करते हुए समस्त गतिविधियों का संपादन किया जाएगा। अभियान के दौरान आशा सहयोगिनियों, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सीएचओ, डीबीसी और अन्य फील्ड स्टाफके माध्यम से घर-घर सम्पर्क कर लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। स्कूलों, ग्राम पंचायतों और सामुदायिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, बैठकें तथा आईईसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी।

### जनसहयोग से ही रोगों पर नियंत्रण सम्भव

डिप्टी सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य केवल मलेरिया नियंत्रण तक सीमित नहीं है बल्कि डेंगू, चिकनगुनिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए भी व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों, छतों, कूलरों, गमलों तथा अन्य स्थानों पर पानी जमा नहीं होने दें और किसी भी प्रकार के बुखार या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार समय पर की गई रोकथाम और जनसहयोग से ही मानसून के दौरान वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इसी उद्देश्य से जून माह में जिलेभर में व्यापक स्तर पर एंटी मलेरिया माह की गतिविधियां संचालित की जाएगी।

# सरस्वती स्कूल की जेईई एडवांस में स्कूलिंग के साथ ऐतिहासिक उपलब्धि



निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** सरस्वती स्कूल बलवंतपुरा के दो विद्यार्थियों ने स्कूलिंग के साथ जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थी अक्षित पुत्र अशोक कुमार बाय निवासी ने ऑल इंडिया ऑबीसी-1220वीं रैंक व आशीष ढ़ाका पुत्र संदीप ढ़ाका निवासी ढ़ाका की ढ़ाणी ने ऑल इंडिया 2135 वीं रैंक हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि विद्यार्थियों ने स्कूलिंग के साथ जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त कर महा रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि छात्र अक्षित विद्यालय में नर्सरी से अध्ययनरत है। अक्षित ने इस बार बोर्ड परीक्षा में भी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसके अलावा आशीष भी विद्यालय में कक्षा 6 से अध्ययनरत है। विद्यालय के छात्रावास में रहकर अध्ययन कर इस छात्र ने 12 कक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यार्थी स्कूलिंग के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेते हुए अपना सर्वांगीण विकास करवाता है साथ ही विद्यालय की देखरेख में केवल बोर्ड परीखा में ही नहीं प्रतियोगी परीक्षा में भी सफलता के झंडे गाड़ता है। उन्होंने इस सफलता के लिए विद्यार्थी, अभिभावक व स्टाफ को बधाई व शुभकानाएँ दी। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमन्त दाधीच ने बताया कि विद्यालय स्कूलिंग के क्षेत्र में नवाचार करते हुए राजस्थान में अपनी छाप छोड़ रहा है। प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम देना विद्यालय की परम्परा बन चुकी है। विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी कीर्तिमान गोदारा ने बताया कि यह शानदार सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, कुशल शैक्षणिक टीम व प्रबंधन के समर्पण से सफल हो पाती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय हर विद्यार्थी को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# निःसंतान दंपत्तियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** स्थानीय नवदीप हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, लाडनूं में नि:संतान दंपत्तियों के लिए नि:शुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रभर से आए दंपत्तियों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में कुल 73 पंजीकरण हुए, जिनमें से 58 मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य नि:संतानता से संबंधित समस्याओं के कारणों, जांच एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में सही जानकारी प्रदान करना रहा। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुमन गालवा, डॉ मोहिनी प्रजापत, डॉ हीना सोनी एवं डॉ नवज्योति चारण ने सेवाएं प्रदान करते हुए दंपत्तियों को नि:संतानता के विभिन्न कारणों, आवश्यक जांचों एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि बदलती जीवनशैली, मानसिक तनाव, हार्मोनल असंतुलन, विवाह में विलंब, अनियमित खानपान एवं जागरूकता की कमी जैसी समस्याएं नि:संतानता के प्रमुख कारण बन रही हैं। अस्पताल निदेशक डॉ नवदीप सिंह चारण ने बताया कि ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# भाटिया ने डिप्टी सीएम बैरवा से की शिष्टाचार भेंट

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** नवनियुक्त एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष का दायित्व प्राप्त करने के पश्चात सुरेन्द्र भाटिया ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा से जयपुर में औपचारिक भेंट कर क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बैरवा ने सभी विषयों के सकारात्मक समाधान हेतु पूर्ण आश्वासन प्रदान किया। इस अवसर पर अनिल कुमार, विराट शर्मा भी उपस्थित रहे।

# आकाश के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में लहराया परचम

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** परीक्षा तैयारी सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों की घोषणा आईआईटी रुड़की द्वारा की गई। एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने बताया कि राजस्थान के छात्र यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक 52 प्राप्त कर प्रदेश में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि यथर्व अग्रवाल ने एआईआर-239 हासिल की। इसके अलावा रजत दुबे एआईआर-1342, देवर्ष हिरेन रावल एआईआर-1597, वैदिक दाधीच एआईआर-1702, विभोर माहेश्वरी एआईआर-1856, कनिष्क शर्मा एआईआर-2084, प्रियांशु गुप्ता एआईआर-2120, नेहा पारवानी एआईआर-2396, कुणाल अंसोलिया एआईआर-2580, प्रियांश भंडारी एआईआर-2754 और लिशा अग्रवाल एआईआर-3626 ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि सभी सफल छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े रहे हैं जिसे विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। यह परीक्षा गहन वैचारिक समझ और उच्च स्तरीय समस्या-समाधान क्षमता की मांग करती है। दीक्षित ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्था को अपने छात्रों की सफलता पर गर्व है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। वहीं सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, अभिभावकों और आकाश द्वारा उपलब्ध कराए गए अध्ययन सामग्री, क्लासरूम सत्रों, मॉक टेस्ट तथा नियमित मूल्यांकन को दिया।

विद्यार्थियों ने कहा कि इन संसाधनों ने उनके विषयगत ज्ञान को मजबूत करने और परीक्षा की तैयारी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बदलते दौर में साहित्य की भूमिका और बढ़ी : भारद्वाज

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** कलमकार मंच और पिंकसिटी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में साहित्यकारों ने बदलते समय में साहित्य की भूमिका, आत्मसमीक्षा और रचनात्मक मौलिकता पर गंभीर चर्चा की। कार्यक्रम में अनिल सक्सेना ललकार की पुस्तक 21वीं सदी का राजस्थान साहित्यिक आंदोलन, साधना जोशी प्रधान के गीत-गीतिका संग्रह ठूंठ पर खिले पलाश तथा इंदु सिन्हा इंदु के कहानी संग्रह उन दिनों प्रेम का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज ने कहा कि लेखक को अपनी रचना का सबसे कठोर पाठक होना चाहिए। आत्मसमीक्षा से रचना अधिक परिष्कृत और प्रभावशाली बनती है। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ आलोचक दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने साहित्य की सभी विधाओं के अध्ययन पर जोर देते हुए कहा कि परंपरा सृजन की आधारभूमि है तथा एआई के दौर में साहित्य की मौलिकता को बचाए रखना बड़ी चुनौती है। वरिष्ठ लेखक.पत्रकार विनोद भारद्वाज ने साहित्यिक विधाओं के निरंतर विकास पर प्रकाश डाला, जबकि राजाराम भादू ने साहित्य को समाज के यथार्थ का दस्तावेज बताते हुए कलमकार मंच की भूमिका की सराहना की। वरिष्ठ शायर लोकेंद्र कुमार सिंह साहिल ने कविता में भाव और विचार के संतुलन तथा छंद की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में अनिल सक्सेना, साधना जोशी और इंदु सिन्हा ने अपनी पुस्तकों एवं लेखन-दृष्टि पर विचार रखे। फारूक अफरीदी, कविता मुखर और प्रेमचंद गांधी ने पुस्तकों की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए उनकी विषयवस्तु और साहित्यिक महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में निशांत मिश्रा, मुकेश मीणा, राजकुमार शर्मा, चरणसिंह पथिक, गजेन्द्र एस. श्रोत्रिय सहित अनेक साहित्यकारों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में साहित्य, कविता, कहानी, छंद, मुक्तछंद और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई जैसे विषयों पर सार्थक विमर्श हुआ। अंत में वरिष्ठ साहित्यकार नवल पाण्डे ने आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# बंगाल में हिंसा



पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के तत्काल बाद जो हिंसा हुई थी और जिसमें भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर हमले किए थे, वह करीब-करीब थम गई थी, लेकिन पिछले दिनों जिस तरह टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ और गत दिवस इसी पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी भी भीड़ के आक्रोश एवं पथराव का शिकार हुए, वह कोई शुभ संकेत नहीं। इस सिलसिले को रोका ही जाना चाहिए। यह स्वाभाविक है कि अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी के साथ गुस्साई भीड़ ने जो धक्कामुक्की एवं मारपीट की, उसे तृणमूल कांग्रेस एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हालिया चुनाव के बाद जो हिंसा देखने को मिली, उसकी तुलना उस भीषण अराजकता से नहीं की जा सकती, जो पिछले विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद देखने को मिली थी। उस समय तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं-नेताओं और उनके समर्थकों ने विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा के उन लोगों पर कहर बरपाया था, जिनके बारे में उन्हें शक था कि उन्होंने ममता की पार्टी को वोट नहीं दिया। वह अराजकता इतनी भयावह एवं आतंकित करने वाली थी कि कई लोगों को अपनी जान बचाने के लिए असम में जाकर शरण लेनी पड़ी थी। यदि तब ममता बनर्जी ने उस हिंसा को गंभीरता से लिया होता और उस पर रोक लगाने की कोशिश की होती तो शायद आज जो कुछ देखने को मिल रहा है, वह नहीं दिखता। यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि ममता बनर्जी ने अपने शासन में कानून एवं व्यवस्था को कलंकित करने वाली उस हिंसा से पल्ला झाड़ लिया था। उन्होने ऐसा ही उसके बाद की राजनीतिक हिंसा के मामले में भी किया। बंगाल के बारे में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यहां राजनीतिक एवं चुनावी हिंसा का एक लंबा दौर रहा है। एक तरह से राजनीतिक एवं चुनावी हिंसा बंगाल की राजनीतिक संस्कृति बन गई है। भाजपा को प्राथमिकता के आधार पर हिंसा की इस संस्कृति को खत्म करना होगा। उसे ऐसा इसके बावजूद करना होगा कि इस बार हिंसा का वैसा भयावह रूप देखने को नहीं मिला है। भाजपा सरकार को न केवल पुलिस-प्रशासन को आवश्यक निर्देश देने होंगे, बल्कि अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को यह संदेश देना होगा कि किसी भी तरह की हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। बंगाल में हर स्तर पर वास्तविक सुधार के लिए यह आवश्यक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य है कि कानून एवं व्यवस्था को ठीक करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इससे ही राज्य सही तरह से पटरी पर आएगा। कोई भी राज्य सही तरह से तभी आगे बढ़ता है, जब वहां कानून एवं व्यवस्था नियंत्रित होती है।

## विशेष आलेख

# कमजोर मानसून तो महंगाई का लगेगा तड़का, अर्थव्यवस्था होगी प्रभावित



मौसम विभाग द्वारा 29 मई को जून से सितंबर मानसून के दौरान 10 प्रतिशत कम बरसात का पूर्वानुमान बेहद चिंताजनक का कारण बन गया है। इससे पहले जारी पूर्वानुमान में 8 प्रतिशत कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई थी। लगभग दस साल बाद देश में कमजोर मानसून के हालात रहने की संभावना है। अर्थव्यवस्था के लिए यह इसलिए और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है कि एक और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर के आसार नहीं दिख रहे हैं और इसके कारण भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश कच्चे तेल और गैस की समस्या से दो चार हो रहे हैं और इसका सीधा असर महंगाई बढ़ना हो रहा है। दूसरी और अब अलनीनों के प्रभाव से इस साल कमजोर मानसून के कारण 10 प्रतिशत कम बरसात होने से हालात और भी गंभीर होने की संभावना बनती जा रही है। करीब दस साल बाद ऐसे हालात बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि उत्तर पूर्व को छोड़कर समूचे देश में कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को इसलिए भी नहीं नकारा जा सकता है कि पिछले सालों में भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान लगभग सटीक रहने लगे हैं। मजे की बात यह है कि इस साल गर्मी भी भीषण पड़ रही है और पिछले एक माह में ही जलाशयों में उपलब्ध पानी में तेजी से कमी आई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश के प्रमुख 166 जलाशयों में कुल भराव क्षमता का 24 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है और तेजी से पानी कम होता जा रहा है। दक्षिण भारत के हालात अधिक गंभीर है और वहां लगभग 17 प्रतिशत ही पानी रह गया है। उत्तरी भारत के जलाशयों में 26 तो पश्चिमी भारत के जलाशयों में 28 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है। मानसून भी तय समय से बिलंबित हो रहा है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि हमारी अर्थव्यवस्था मानसूनी बरसात पर बहुत कुछ निर्भर करती है। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है। पूर्वानुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है। कमजोर मानसून के कारण भूजल स्तर में गिरावट, अधिक पानी पर निर्भर धान, तिलहन और दलहन की फसल प्रभावित होगी और इस कारण से खाद्य महंगाई बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इससे आम आदमी की थाली पर असर पड़ेगा और सब्जी, दाल और अनाज सभी के भाव बढ़ने का असर दिखाई देगा। इसी तरह से देश के अनेक हिस्सों में पीने के पानी की दिक्कत आम है। बांधों में तेजी से पानी की कमी और मानसून कमजोर रहने से पानी की कम आवक रहती है तो निश्चित रुप से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी की दिक्कत होगी। जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन पर असर होगा तो कुल मिलाकर अर्थ व्यवस्था को प्रभावित होने से कोई नहीं रोक सकता।

दरअसल देश में एक समय था जब सूखा आम होता था और व्यापक स्तर पर अकाल राहत कार्य संचालित होते थे। हांलाकि देश के हालातों में काफी सुधार हुआ है और अकाल को तो लगभग भूल ही चुके हैं। पर सवाल वहीं का वहीं है कि जल संचयन के जो प्रयास होने चाहिए थे और उनका जिस तरह का प्रभाव पड़ना चाहिए था वह अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार के सामने कमजोर मानसून के हालात से निपटने की बड़ी चुनौती आने वाली है। सबसे अधिक तो जल संग्रहण की चुनौती होगी क्योंकि प्राकृतिक जल संग्रहण के रास्ते शहरीकरण की भेंट चढ़ चुके हैं। दीर्घकालीन सोच के साथ ठोस प्रयास नहीं होने से बरसात के पानी का सही तरीके से संग्रहण भी नहीं हो पा रहा है। जितने पानी की साल भर आवश्यकता होती है उससे अधिक बरसाती पानी तो बह जाता है। इसके अलावा पानी का उपयोग और दुरुपयोग दोनों ही बढ़ गए हैं। कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की किस्में विकसित करने में हम अभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पायें हैं। पांच नदियों के प्रदेश पंजाब तक में पानी का संकट होने लगा है। खेती ही नहीं घरेलू जरुरतों में भी पानी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। टायलेट और कूलरों में पानी की खपत बहुत अधिक बढ़ गई है। जल बचाओ मात्र स्लोगन ही रह गया है और इसका असर दिखाई नहीं देता। इसी तरह से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार तो बहुत किये गये हैं पर उनके निर्माण में जिस तरह की लापरवाही बरती गई है वह किसी से छिपी नहीं हैं। क्योंकि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कितना सफल रहा है वह सामने हैं। बाहरमासी नदी नालें तो अब कल्पना की बात हो गए हैं बल्कि बरसाती नदियां भी बरसात में एकाध बार ही पूरे वेग से बहती दिखती है। ऐसे में गंभीरता को तो समझा ही जा सकता है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि मानसून हमेशा सामान्य ही रहेगा यह सोचना अपने आप में गलत होगा। जिस तरह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जंगल घटते जा रहे हैं, पेड़ पौधे कम हो रहे हैं वह किसी और की देन नहीं हमारे कारण ही हो रहा है। हालात यह हो गए हैं कि सर्दी में सर्दी नहीं और गर्मी में गर्मी को तरसने लगे हैं। यहां तक कि इस बार तो बसंत की प्रतीक्षा ही करते रह गए हैं। जनवरी फरवरी में सर्दी तो फिर मार्च अप्रेल में गर्मी का असर देखा गया। बसंत कब आया और कब गया पता ही नहीं चला। कहने का अर्थ है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम सामने हैं। प्राकृतिक विपदाएं अधिक होने लगी है।

ग्लेसियरों में तेजी से बर्फ पिघल रही है, समयपर बर्फवारी कम होने लगी है। बेमौसम आंधी ओलावृष्टि आम होती जा रही है। खैर यह विषयांतर होगा पर कहीं ना कहीं मानसून को लेकर दीर्घकालीन रणनीति बनानी ही होगी ताकि कमजोर मानसून का जनजीवन और अर्थ व्यवस्था पर व्यापक असर नहीं पड़े। सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर इस दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे।

## आज का राशिफल

### मेष
मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी। दोपहर के बाद आप कुछ अधिक ही इमोशनल बने रहेंगे। इससे मन की व्यथा और बढ़ सकती है।

### वृष
आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। योजनानुसार काम करने से आर्थिक लाभ भी मिलेगा। काम में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है, धैर्य से काम करें।

### मिथुन
आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

### कर्क
खर्च में वृद्धि होगी। अनैतिक तथा नेगेटिव काम से आज दूर रहें। प्रभु की भक्ति और ध्यान से मन को शांति मिलेगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है।

### सिंह
आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपके विरोधी आपकी तकलीफ बढ़ा सकते हैं।

### कन्या
काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा। दोपहर के बाद आप मनोरंजन के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। परिवार के साथ अच्छे भोजन का लुत्फ उठा पाएंगे। व्यापार में भागीदारों के साथ लाभदायी विचार-विमर्श होगा।

### तुला
अधिकारी के साथ वाद-विवाद को टालें और उनके कहें अनुसार आज काम करें। विरोधियों के साथ चर्चा उग्र हो सकती है। काम में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है, धैर्य से काम करें। आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं।

### वृश्चिक
किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है।

### धनु
पेट सम्बंधी तकलीफ रहेगी। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके विरोधियों की कोई भी चाल आपके खिलाफ सफल नहीं हो सकेगी।

### मकर
साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। व्यापार में आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

### मीन
मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। सार्वजनिक रूप से सम्मान को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें।

## स्वास्थ्य समाचार

# घर पर सेब से इस तरह करें फेशियल आपके चेहरे पर आएगा नैचुरल ग्लो

सेब पोषक तत्वों का भंडार होता है। इसमें प्रचुर मात्रा में आयरन, सोडियम, फॉस्फोरस, जिंक और कैल्शियम आदि पाए जाते हैं। इसको खाने से पाचन तंत्र हेल्दी रहने के साथ इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। सेब के सेवन से शरीर की कमोजरी भी आसानी से दूर होती है। सेब स्वादिष्ट होने के साथ शरीर को हेल्दी रखने में मदद भी करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं सेब शरीर के साथ स्किन के लिए भी काफी लाभदायक होता है। सेब के फेस पैक के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा। सेब का फेशियल करने से भी स्किन की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। चेहरे पर इससे फेशियल करने से एक्ने, डार्क स्पॉट्स, पिंपल्स आदि की समस्याएं दूर होती हैं। चेहरे पर सेब से फेशियल करने से नैचुरल ग्लो मिलता है और स्किन भी हेल्दी रहती है।

### फेस क्लीनिंग
घर पर फेशियल करने के लिए सबसे पहले चेहरे को अच्छे से धो कर साफ कर लें। फेशियल करने से पहले चेहरे पर किसी तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिए। आप किसी क्लींजर की मदद से भी चेहरे को साफ कर सकते हैं। चेहरे को साफ करने के बाद स्किन फेशियल के लिए तैयार हो जाएगी।



### सेब फेस स्क्रब
चेहरे पर स्क्रब करने के लिए इसमें 1 सेब, 1/4 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद, 1/4 चम्मच अखरोट पाउडर , 1/2 ब्राउन चीनी और 1/4 चम्मच दालचीनी पाउडर लें। चीनी को छोड़कर सभी को मिक्सर में लेकर मिश्रण तैयार करें। जब मिश्रण तैयार हो जाएं, तो इसमें चीनी डालकर स्क्रब तैयार करें। अब इस स्क्रब से हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। उसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें। चेहरे पर स्क्रब करने से पोर्स की सफाई होती है। जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है।

### सेब मसाज क्रीम
स्क्रबिंग के बाद फेशियल का अगला स्टेप चेहरे की मसाज करना होता है। इसके लिए कटोरी में सेब को कद्दूकस करके रखे लें। अब इस सेब से चेहरे की हल्के हाथ से 5 मिनट तक सर्कुलर मोशन में मसाज करें। उसके बाद सेब के पेस्ट को चेहरे पर 10 मिनट के लिए लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को वॉश करें। इस तरह से चेहरे की मसाज करने से चेहरे पर ग्लो आता है और एक्ने आदि की समस्या आसानी से दूर होती है।



### सेब फेस पैक
सेब का फेस पैक लगाने के लिए सेब को कद्दूकस कर लें। इसमें 1 चम्मच दही और 2 चम्मच संतरे का ताजा रस को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें। इस पैक को लगाने से चेहरे की टैनिंग दूर होने के साथ चेहरे ग्लोइंग भी बनेगा।

### चेहरे को मॉइश्चराइज करे
चेहरे को फेशियल करने के बाद चेहरे को मॉइश्चराइज करना बहुत आवश्यक होता है। चेहरे को मॉइश्चराइज करने के लिए अच्छे मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। इससे चेहरे को पोषण मिलेगा और स्किन ग्लोइंग बनेगी।

# ज्यादा स्क्रब करने से स्किन को हो सकते हैं यह नुकसान



स्किन पर स्क्रब करने के फायदों के बारे में आपने कई बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं स्किन पर ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा को कई तरह के नुकसान भी हो सकते हैं? स्क्रब स्किन के लिए जरूरी तो होता है लेकिन कई बार ये स्किन को क्षतिग्रस्त भी कर सकता है। स्क्रब करते समय कई बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। कई बार ठीक से स्क्रब नहीं करने के कारण त्वचा खराब भी हो सकती है।

**पिंपल्स की समस्या :** ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं- जैसे पिंपल्स, दाने निकलना और इंफेक्शन होना आदि। कई बार लोग स्किन पर पिंपल्स होने पर भी त्वचा पर स्क्रब का इस्तेमाल करने लगते हैं, जिस कारण त्वचा को काफी नुकसान पहुंचता है। स्क्रब के दाने त्वचा को छील भी सकते हैं। इसलिए अगर आपको चेहरे पर पिंपल्स या दाने की समस्या है, तो स्क्रब करते समय सावधानी बरतें।

**फेस का कलर डार्क होता है :** स्किन पर ज्यादा स्क्रब करने से फेस का रंग डार्क होने लगता है। स्क्रब करने का फायदा तभी होता है जब आप इसे ठीक से इस्तेमाल करें। ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा पर डार्क स्पॉट की समस्या भी हो सकती है। चेहरे पर ज्यादा स्क्रब करने से स्किन का ग्लो भी कम होने लगता है।

**मॉइश्चर की कमी :** ज्यादा स्क्रब करने से स्किन पर मॉइश्चर की कमी होने लगती है। ज्यादा स्क्रब करने से स्किन का नैचुरल माइस्चर चला जाता है, जिससे स्किन ड्राई हो जाती है। ये मॉइश्चर स्किन को चमकदार बनाने के साथ स्किन की रंगत को भी सुधारता है। लगातार स्क्रब करने से स्किन रूखी नजर आती है।

**त्वचा में लालिमा और सूजन की समस्या :** ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा में लालिमा और सूजन की समस्या भी हो सकती है। स्क्रब का चुनाव अगर आपने अपनी स्किन के अनुसार नहीं किया है, तो यह स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। स्क्रब का इस्तेमाल स्किन टाइप के अनुसार ही करें। इसके अलावा स्क्रब को हफ्ते में 2 बार से ज्यादा न लगाएं।

**त्वचा में इंफेक्शन की समस्या :** चेहरे पर ज्यादा स्क्रब करने से त्वचा में इंफेक्शन की समस्या भी हो सकती है। कई बार हम स्क्रब इतने टाइट हाथों से करते हैं, जिसके कारण त्वचा में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है। इस समस्या से बचने के लिए हल्के हाथों से चेहरे पर स्क्रब करें।

# रात में सोने से पहले बालों को कंघी करने से मिलते हैं फायदे

बालों की सही देखभाल न करने की वजह से लोगों में बाल झड़ने की समस्या होती है। हेयर केयर रूटीन सही न होने पर आपके बाल कमजोर हो जाते हैं और इसकी वजह से आपकी खूबसूरती पर भी असर पड़ता है। बालों को हेल्दी, मजबूत और समस्याओं से मुक्त रखने के लिए बालों की सही ढंग से केयर जरूर करनी चाहिए। बालों में कंघी करने से आप बालों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं।

**रात में कंघी करने के फायदे :** रात में बालों में कंघी करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। रात के समय बालों में बिना कंघी किये सोने से सुबह में आपके बाल उलझे हुए होते हैं। उलझने की वजह से बाल जल्दी टूटते हैं और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए रात में सोने से पहले कंघी करना फायदेमंद माना जाता है।

**बालों को टूटने से बचाता है :** रात में सोने से पहले बालों में कंघी करने से आप बालों को टूटने से बचा सकते हैं। रात में लोग अक्सर बालों को खुला रखकर सोते हैं। सोते समय बाल आपस में उलझ जाते हैं और इसके बाद कंघी करने से आपके बाल बहुत ज्यादा टूटते हैं। बालों को टूटने से बचाने और कमजोर होने से रोकने के लिए रात में कंघी करना बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**ब्लड सर्कुलेशन ठीक होता है :** रात में सोने से पहले बालों में कंघी करने से आपके स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है। इससे आपके बाल की जड़ें मजबूत होती हैं और बालों की जड़ों में ऑक्सीजन की सप्लाई भी सही ढंग से हो पाती है।

**बालों की चमक बढ़ती है :** रात में सोने से पहले कंघी करने से आपके बालों की चमक बढ़ती है। उलझे हुए होने के कारण आपके बाल कमजोर हो जाते हैं और इसकी चमक भी कम हो जाती है। बालों में सही ढंग से कंघी करने से आपको बहुत फायदे मिलते हैं।

## तीन जून से होगी साइक्लोथॉन अभियान की शुरुआत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर तीन जून से एयू जयपुर साइक्लोथॉन 2026 अभियान की शुरुआत होगी। इस अभियान के तहत जयपुर में साइक्लिंग संस्कृति, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का आयोजन संस्कृति युवा संस्था, जयपुर रनर्स क्लब एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफइवेंट मैनेजमेंट आईआईई, मआर द्वारा एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और इटरनल हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से किया जा रहा है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट आईआईई, मआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि 3 जून से 7 जून तक चलने वाले इस सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को साइक्लिंग को स्वस्थ एवं सतत जीवनशैली की आदत के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही हरित परिवहन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में तीन जून को सस्टेनेबल मोबिलिटी, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं साइक्लिंग संस्कृति विषय पर एक विशेष टॉक शो का आयोजन किया जाएगा। इस सत्र में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति निर्माता, साइक्लिंग विशेषज्ञ और स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे तथा स्वस्थ शहरों और हरित भविष्य के निर्माण में साइक्लिंग की भूमिका पर चर्चा करेंगे। इस टॉक शो में राजस्थान सरकार के स्थानीय स्वशासन विभाग के सचिव रवि जैन आईएएस, जयपुर जिला कलेक्टर संदीप नायक आईएएस, जयपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच आईपीएस, डीसीपी दक्षिण, राजर्षि राज आईपीएस, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, पूर्निमा विश्वविद्यालय की निदेशक एवं प्रख्यात साइक्लिस्ट रेनू सिंघी, उत्तर पश्चिम रेलवे के शशि किरण आईआरएसएमई तथा इटरनल हॉस्पिटल के वरिष्ठ महाप्रबंधक नितेश तिवारी अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध रेडियो जॉकी आरजे मोहित करेंगे। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा, इवेंट डायरेक्टर कैप्टन शशि किरण तथा आईआईई, मआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि 7 जून को आयोजित होने वाले मुख्य साइक्लोथॉन कार्यक्रम में हजारों साइक्लिस्ट और फिटनेस प्रेमियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी, सक्रिय जीवनशैली और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने वाला जनआंदोलन है। अभियान के तहत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक मेगा पौधारोपण अभियान आयोजित किया जाएगा, जबकि 6 जून को बिब एक्सपो एवं साइक्लिंग अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन होगा। इसके बाद 7 जून को भव्य एयू जयपुर साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा।

## कृषक प्रशिक्षण आयोजित

प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत सुरेरा में कृषि विभाग द्वारा विकसित प्राकृतिक खेती मॉडल फार्म पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सुरेरा एवं मंढा क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रामकिशोर भटेसर ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवामृत, बीजामृत एवं पंचगव्य तैयार करने की विधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक कानाराम यादव ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, उन्नत बीजों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा किसानों के लिए उपलब्ध सरकारी सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना रहा। इस कार्यक्रम में कृषि पर्यवेक्षक नरेन्द्र ताकर, शर्मिला करीर एवं पटवारी लेखराज कुमावत सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## सर्व हिंदू समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वेज फार्म रोड सोडाला स्थित नारायणगढ़ पैलेस में 240वें सर्व हिंदू समाज विवाह योग्य युवक-युवती सामूहिक परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जयपुर माली सैनी समाज विकास आदर्श संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सर्व समाज के परिवारों को एक मंच पर लाकर योग्य जीवनसाथी चुनने में मदद करना रहा। सम्मेलन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए इसे दो विशेष चरणों में विभाजित किया गया था । जहां प्रथम चरण के इस सत्र में विशेष रूप से उच्च शिक्षित युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना और अपने परिवार का परिचय दिया। वहीं द्वितीय चरण के इस सत्र में अन्य सभी श्रेणी के प्रतिभागियों ने अपने अभिभावकों के साथ मंच साझा करते हुए अपनी शैक्षणिक योग्यता और प्राथमिकताओं को सामने रखा। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहु-सामुदायिक स्वरूप रहा। आयोजन में किसी एक वर्ग के बजाय सर्व समाज की भागीदारी देखने को मिली, जिसमें मुख्य रूप से राजपूत, सिंधी, गुर्जर, जाट, ब्राह्मण, कुमावत, कोली, बलाई एवं सैनी माली समाज सहित विभिन्न समाजों के युवक-युवतियों ने अपने माता-पिता और अभिभावकों के साथ हिस्सा लिया। इस परिचय सम्मेलन में न केवल जयपुर बल्कि राजस्थान के कोने-कोने से लोग पहुंचे। सम्मेलन में अजमेर, झुंझुनू, सीकर, दूदू, अलवर, भरतपुर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर तथा टोंक सहित कई शहरों से आए 25 युवतियों और 250 युवकों ने पंजीयन करवाकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

अभिभावकों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज के व्यस्त दौर में ऐसे सामूहिक मंच रिश्तों को तय करने में समय और धन दोनों की बचत करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के पदाधिकारियों और समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा।

## राज्यमंत्री सुथार आज आएंगे तारानगर

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** वंदे गंगा जल सरंक्षण अभियान के तहत 2 जून को सुबह 11 बजे विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री रामगोपाल सुथार तारानगर आएंगे। अभियान के जिला समन्वयक भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने बताया कि राज्यमंत्री सुथार राजगढ़ रोड स्थित डैम प्रोजेक्ट ऑफिस में जल पूजन कर अभियान के बारे में जागरूकता संदेश देंगे। इस मौके पर भाजपा के अनेक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# साहित्यकार डॉ पचरंगिया को दी श्रद्धांजलि

## वक्ता बोले पचरंगिया का काव्य उन्हें अमर रखेगा

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** विश्व की पांच हजार हस्तियों में शामिल रहे नामी साहित्यकार महामहोपाध्याय डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया मार्ग स्थित पचरंगिया भवन में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी थे। विशिष्ट अतिथि केवलदास मंदिर महंत जयराम स्वामी, विवेकानंद मित्र परिषद के संरक्षक रोहिताश्व महला, मनोज मान, महेश शर्मा धन्ना और शशिकांत तिवाड़ी थे। इस दौरान साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया स्मृति संस्थान के संरक्षक प्रभु शरण तिवाड़ी ने साहित्यकार पचरंगिया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी कृति पत्नी पुराण, आशीर्वाद महाकाव्य, अनंत विजय, अर्चना के पुष्प, सिय संधान, स्वास्थ्य रक्षा सहित अन्य साहित्य काफी चर्चित रहा है। बिहार, यूपी, एमपी के विश्वविद्यालयों में उनकी संपादित पुस्तकें पाठ्यक्रम का हिस्सा रही। महंत जयराम स्वामी ने कहा कि पचरंगिया का सात्विक जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। विवेकानंद मित्र परिषद के संरक्षक रोहिताश्व महला ने कहा कि हमेशा पीड़ित की मदद का भाव और चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। संस्थान संरक्षक महेश आजाद ने कहा कि पचरंगिया अपने साहित्य के जरिए हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। इस दौरान विवेकानंद मित्र परिषद संरक्षक मनोज मान, संजय दाधीच, रमेश कोतवाल, महेश शर्मा धन्ना, कमलकांत पुजारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बुधराम वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, अनुज कुमार शर्मा, रामचंद्र शर्मा, बुधराम वर्मा, सौरभ चौरासिया, राजेंद्र प्रसाद सैनी, प्रदीप सोनी, ऋषिकेश कुमावत, साहित्यकार की सुपुत्री सुमिता शर्मा, चंचल शर्मा, दोहिती प्रज्ञा, दिव्यांगी, राजश्री, योगेश शर्मा, राजेंद्र कोतवाल, जगदीश टेलर, बजरंग लाल कुमावत, अनिल वर्मा, पंकज वर्मा, शुभम निकम, युवराज मराठा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।



### नीरू शर्मा को मिला पचरंगिया श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान

शहर के विवेकानंद चौक में विवेकानन्द मित्र परिषद की ओर से संस्थान के प्रेरणास्त्रोत रहे साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया की स्मृति में उनकी जयंती पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर विवेकानन्द मित्र परिषद और राधा रमण महिला मंडल की ओर से रिटायर्ड अध्यापिका नीरू शशिकांत तिवाड़ी को पहला पचरंगिया स्मृति सम्मान दिया गया। परिषद की ओर से संरक्षक रोहिताश्व महला, अशोक अग्रवाल, अमर सिंह कोकचा, महेश शर्मा धन्ना आदि ने स्मृति चिन्ह, स्वामी विवेकानंद की तस्वीर भेंट कर, साफा और माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। वहीं राधा रमण ग्रुप की ओर से भी शिक्षाविद रेखा शर्मा, अंबिका शर्मा और विमलेश गुप्ता के संयोजन में साफा और माला पहनाकर नीरू शर्मा का अभिनदंन किया गया। नीरू शर्मा ने करीब तीस वर्षों की शैक्षणिक सेवा में चिड़ावा की डालमिया स्कूल के अलावा विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्ययन करवाकर निर्धन और जरूरतमंद बच्चों की मदद भी की और क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में ये भागीदारी निभाते रहे हैं। इस मौके पर ओमप्रकाश मंड्रेलिया, संदीप फतेहपुरिया, सुरेश डालमिया, रमेश कोतवाल, राजेंद्र शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सौरभ चौरासिया, पिंचू केडिया, बुधराम वर्मा, रमेश स्वामी, जगदीश टेलर सहित काफी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।



### सरला पाठशाला में जरूरतमंद बच्चों को खिलाया भोजन

शहर की सूरजगढ़ रोड स्थित सरला पाठशाला में सोमवार को साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। पचरंगिया को पाठशाला संचालिका अनिता पूनिया और अन्य टीचरों ने श्रद्धांजलि दी और विद्यार्थियों को साहित्यकार पचरंगिया के साहित्य के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया स्मृति संस्थान की अध्यक्ष और विवेकानंद मित्र परिषद महिला विंग की संरक्षक गंगा पचरंगिया की ओर से सामाजिक चिंतक महेश शर्मा आजाद और रोहिताश्व महला के नेतृत्व में विद्यार्थियों को भोजन परोसा गया। खास बात ये रही कि परिषद के कार्यकर्ताओं ने भी रोहिताश्व महला और संजय दाधीच के नेतृत्व में बच्चों के साथ बैठकर स्नेहभाव से भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विवेकानंद मित्र परिषद के कमलकांत पुजारी, संजय दाधीच, मनोज मान, राजेंद्र प्रसाद सैनी, रमेश कोतवाल, राजेंद्र कोतवाल, आदित्य वर्मा, सौरभ चौरासिया, योगेश शर्मा, रवि भारतीय, मनोज सैनी, पिनांक शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, डॉ सुमिता शर्मा, दिव्यांगी शर्मा, चंचल शर्मा, राजश्री शर्मा, ऋषिकेश कुमावत आदि मौजूद रहे। पाठशाला प्रबंधक विकास पूनिया ने आभार जताया।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** कृषि विज्ञान केंद्र अरनिया में कृषि विभाग श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रेम सिंह सैनिक कल्याण मंत्री, अजय सिंह जी खर्रा भाजपा जिला मंत्री, महेंद्र यादव युवा भाजपा नेता, रामचंद्र बाजिया सहायक निदेशक कृषि श्रीमाधोपुर, डॉक्टर शंकर लाल कस्वा मुख्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र अरनिया के आतिथ्य में आयोजन किया गया। जिसमें



सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। अजय सिंह खर्रा ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तथा जल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी। रामचंद्र बाजिया सहायक निदेशक श्रीमाधोपुर ने किसानों को वर्षा जल के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग की जानकारी दी व कृषकों को फार्म पॉन्ड तथा पाइपलाइन की प्रशासनिक स्वीकृति वितरित करवाई। अरनिया ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सीताराम ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, पीपल पूजन, कलश यात्रा आदि का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर अनिल कुमार ने वर्षा जल के संरक्षण की शपथ दिलवाई।

सैनिक कल्याण मंत्री प्रेम सिंह बाजोर ने वर्षा जल के संरक्षण तथा उसके विवेकपूर्ण उपयोग का आह्वान किया तथा अपने परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ सफाई करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन राम अवतार मिश्रा ने किया। इस दौरान सुनील कुमार ढाका, संपत सैनी, मांगीलाल कुमावत, मोहनलाल वर्मा, पूर्ण प्रकाश यादव, ओम प्रकाश यादव, मुख्यमंत्री कार्यक्रम से गुड़िया कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पांच प्रमुख ग्रह बदलगे अपनी राशि : कई शुभ योगों का होगा निर्माण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैदिक ज्योतिष के अनुसार जून 2026 ग्रह-नक्षत्रों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली महीना रहने वाला है। इस माह सूर्य, गुरु, शुक्र, मंगल और बुध जैसे पांच प्रमुख ग्रह अपनी राशि बदलेंगे। ग्रहों के इन महत्वपूर्ण गोचरों से जहां कई शुभ राजयोगों का निर्माण होगा। वहीं देश-दुनिया, राजनीति, व्यापार, अर्थव्यवस्था तथा सभी 12 राशियों के जातकों पर इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा। पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जून माह में ग्रहों की स्थिति में होने वाले बड़े बदलावों के कारण गजलक्ष्मी योग, हंस राजयोग और रूचक राजयोग जैसे कई शुभ योग बनेंगे। ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के राशि परिवर्तन को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है क्योंकि ग्रहों की चाल में बदलाव व्यक्ति के जीवनए समाज और राष्ट्र तक पर प्रभाव डालता है।

### आज देव गुरु करेंगे कर्क राशि में प्रवेश

शर्मा ने बताया कि 2 जून को देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि से निकलकर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही गुरु पुष्य नक्षत्र में भी प्रवेश करेंगे, जिसे ज्योतिष में अत्यंत शुभ माना गया है। गुरु ग्रह धन, ज्ञान, शिक्षा, संतान, विवाह, सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का कारक माना जाता है। कर्क राशि में गुरु की उच्च स्थिति होने के कारण इसका सकारात्मक प्रभाव अनेक राशियों पर देखने को मिलेगा।

### बारह साल बाद बनेगा गजलक्ष्मी राजयोग

इसके बाद 8 जून को शुक्र ग्रह कर्क राशि में गोचर करेंगे। शुक्र को वैभव, भौतिक सुख, सौंदर्य, कला, प्रेम और विलासिता का कारक ग्रह माना जाता है। कर्क राशि में गुरु और शुक्र की युति से लगभग 12 वर्ष बाद गजलक्ष्मी राजयोग का निर्माण होगा। यह योग आर्थिक उन्नति, धन लाभ, प्रतिष्ठा और भौतिक सुख.सुविधाओं में वृद्धि का संकेत देता है।

### सूर्य करेंगे मिथुन में गोचर

15 जून को ग्रहों के राजा सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे और 16 जुलाई तक इसी राशि में रहेंगे। सूर्य को आत्मबल, स्वास्थ्य, प्रतिष्ठा, प्रशासनिक क्षमता, नेतृत्व और सरकारी क्षेत्र का कारक माना जाता है। सूर्य के इस गोचर का प्रभाव सरकारी कार्यों, प्रशासनिक निर्णयों तथा उच्च पदों पर विशेष रूप से दिखाई देगा। 21 जून को ग्रहों के सेनापति मंगल वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। मंगल ऊर्जा, साहस, पराक्रम, भूमि, भवन, सेना और तकनीकी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंगल का यह गोचर कुछ राशियों के लिए सफलता और नई उपलब्धियों के अवसर लेकर आएगा, जबकि कुछ राशियों को क्रोध, विवाद और स्वास्थ्य संबंधी मामलों में सावधानी रखनी होगी। इसके बाद 22 जून को बुध ग्रह मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। बुध को बुद्धि, तर्कशक्ति, वाणी, शिक्षा, संचार, लेखन और व्यापार का कारक माना जाता है। बुध के इस परिवर्तन का प्रभाव व्यापारिक गतिविधियों, शिक्षा क्षेत्र और संचार माध्यमों पर देखने को मिलेगा।

# जेईई एडवांस्ड 2026 : एलन के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास
# टॉप-100 में 2 और टॉप-5000 में 53 विद्यार्थी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में एलन जयपुर के क्लासरूम विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। एलन के जोनल हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट अरुण जैन ने बताया कि इस वर्ष भी संस्थान के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जयपुर स्तर पर प्रखर शर्मा ने ऑल इंडिया रैंक एआईआर 69 प्राप्त कर सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। रुचित अग्रवाल ने एआईआर 99 के साथ सिटी सेकंड टॉपर का स्थान प्राप्त किया, जबकि चयनिका मंडल ने एआईआर 279 प्राप्त कर जयपुर सिटी गर्ल्स टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन जयपुर के विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। संस्थान के 2 विद्यार्थियों ने टॉप-100 में, 4 विद्यार्थियों ने टॉप-200 में, 8 विद्यार्थियों ने टॉप-500 में, 17 विद्यार्थियों ने टॉप-1000 में, 21 विद्यार्थियों ने टॉप-1500 में, 26 विद्यार्थियों ने टॉप-2000 में तथा 53 विद्यार्थियों ने टॉप-5000 में स्थान प्राप्त किया है। अरुण जैन ने बताया कि यह सफलता एलन जयपुर की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, अनुभवी फैकल्टी टीम, नियमित मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी संस्थान इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 प्रदान किए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराने की उपलब्धि भी हासिल की है। इससे पूर्व वर्ष 2016 में भी यह उपलब्धि दर्ज की गई थी। इस वर्ष देशभर में एलन के विद्यार्थियों ने शीर्ष रैंकों में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए हैं। टॉप-10 में 6 क्लासरूम स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 24 तथा टॉप-100 में कुल 41 स्थान एलन के विद्यार्थियों ने हासिल किए हैं। देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने कीए जिन्होंने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की।

कबीर छिल्लर ने 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा एलन कोटा की छात्रा आरोही देशपांडे ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त कर गर्ल्स टॉपर का स्थान हासिल किया। वहीं एलन ऑनलाइन लाइव कोर्स के यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त कर ऑनलाइन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह परिणाम एक बार फिर सिद्ध करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का अग्रणी और निरंतर सफल संस्थान बना हुआ है।

## शौचालयों की नियमित सफाई की मांग

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नाथोतालाब निवासी बनवारीलाल भार्गव ने प्रशासन को बताया है कि सुजानगढ़ बस स्टेंड पर स्थित शौचालय की नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिसके कारण यहां आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अत: जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाते हुए नियमित साफसफाई की व्यवस्था करवाई जावे।

# भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद दांतारामगढ़ शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण भिण्डा ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई तथा परिषद की भावी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भारत माता व विवेकानंद के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन व वंदे मातरम गीत गाकर की गई। इसके बाद परिषद के सदस्यों द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम इंदौरिया, सचिव विजय कुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं जिला समन्वयक गणेश लाल शर्मा ने संस्कार प्रकल्प संयोजक सत्यनारायण शर्मा, सेवा प्रकल्प संयोजक पूरणमल शर्मा, संपर्क प्रकल्प संयोजक रवि पुजारी, महिला सहभागिता संयोजक रितु पारीक तथा पर्यावरण संरक्षण संयोजक विकास सैनी को दायित्व ग्रहण करवाया। इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्यों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को भी सम्मानित किया गया। तत्ववेद के रचयिता वेदश्री सत्यनारायण पारीक, गौसेवक घनश्याम प्रजापत, सीए शिव अग्रवाल, समाजसेवी कार्तिक अग्रवाल, गणेश लावट, शिक्षाविद् सुनील जांगिड़, ललिता कंवर शेखावत, चिकित्सा सेवा क्षेत्र में डॉ पुनीत शर्मा, कोरियोग्राफर गजानंद कुमावत, फोटोग्राफर प्रहलाद कुमावत, पटवारी बसंत भिण्डा तथा महेश कुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुनीता पुजारी, उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए राजेश वैष्णव, सनातन संस्कृति संरक्षण के लिए सुनीता खेतान तथा सरकारी सेवा में चयनित कीर्ति पारीक को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ इंदौरिया ने कहा कि भारत




विकास परिषद सेवा, संस्कार एवं सहयोग की भावना का सशक्त मंच है। संरक्षक किशन लाल वर्मा ने बताया कि परिषद समाज के कमजोर, गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता के साथ-साथ युवाओं और बच्चों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र अग्रवाल ने परिषद की विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संगठन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिला समन्वयक गणेश लाल शर्मा ने कहा कि परिषद सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं भारत को जानो जैसे राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत अभियानों का संचालन करती है। वहीं डॉ आरएस जाजू ने युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# दावा- ईरान ने अमेरिका से सीजफायर वार्ता रोकी

## होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की तैयारी; लेबनान पर हमलों के विरोध में फैसला

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता फिलहाल रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते, तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है।

ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी।

तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं। इनमें लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में स्थित बाब अल-मंदेब स्ट्रेट भी शामिल है।

**ब्यूफोर्ट किले पर इजराइल का कब्जा:** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया। यह पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है।

**इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग:** फ्रांस ने लेबनान में इजराइल की बढ़ती सैन्य कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है।

**ट्रम्प बोले- ईरानी सेना के खिलाफ सख्त एक्शन नहीं:** ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने ईरानी सेना पर उतनी सख्त कार्रवाई नहीं की, जितनी वह दूसरे देशों की सेनाओं के खिलाफ करता रहा है।

**ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं:** ईरान ने कहा है कि जब तक यह भरोसा नहीं हो जाता कि उसके अधिकार पूरी तरह सुरक्षित हैं, तब तक अमेरिका के साथ किसी भी समझौते को मंजूरी नहीं दी जाएगी।

अमेरिका ने ईरान जा रहे जहाज को रोका: अमेरिका ने ईरान की ओर जा रहे एक और मालवाहक जहाज को रोक दिया। 17 अप्रैल से अब तक अमेरिका 6 जहाजों को ईरान जाने से रोक चुका है।




## राजस्थान में कॉमर्शियल सिलेंडर फिर हुआ महंगा

### 42 रुपए प्रति सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं; 6 महीने में 1532 रुपए महंगा हुआ



जयपुर।

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से लगातार लिक्विड पेट्रोलियम गैस की कीमतों में इजाफा हो रहा है। पेट्रोलियम कंपनियों ने रविवार रात एलपीजी गैस की कीमतों का रिव्यू करने के बाद एक बार फिर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर पर 42 रुपए की बढ़ोतरी की है। हालांकि घरेलू और दूसरे अन्य कैटेगिरी के सिलेंडर के दाम स्थिर रखे हैं। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए हैं, जिसकी नई रेट लिस्ट जारी की है। नई रेट लिस्ट के मुताबिक, राजस्थान में आज से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 3099 रुपए के बजाए अब 3141 रुपए में मिलेगा। घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कंपनियों ने कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

### इस साल में कब-कब बढ़ीं कीमतें

इस साल में कॉमर्शियल सिलेंडर पर कंपनियों ने अब तक 6 बार से ज्यादा बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। 31 दिसंबर तक 1608 रुपए में जो सिलेंडर मिलता था, जो अब 1 जून तक बढ़कर 3141 रुपए में हो गया। जनवरी में कंपनियों ने 111 रुपए, फरवरी में 49.50, मार्च में 141.50 रुपए, अप्रैल में 195 रुपए, मई में 993 और अब जून में 42 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की।

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी




नई दिल्ली।

ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं।

इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं।

इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं।

अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं।

## पेपरलीक सरगना तुलछाराम की अंतरिम जमानत खारिज

### भाई के वेंटिलेटर पर होने का दिया था हवाला; जेएमएम केस में 1 को मिली बेल, 4 की खारिज

जयपुर।

ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने वाले सरगना तुलछाराम कालेर अदालत से राहत नहीं मिली है। जयपुर महानगर द्वितीय की एडीजे-1 कोर्ट ने सरगना तुलछाराम की 15 दिन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। भाई के वेंटिलेटर पर होने का हवाला देकर अंतरिम जमानत मांगी गई थी।

वहीं, छ्व्छ्वरू केस में सुनवाई के दौरान सोमवार को एक आरोपी को जमानत मिल गई, जबकि चार अन्य आरोपियों की बेल याचिकाएं हाईकोर्ट ने खारिज कर दीं।

जज विनोद कुमार गुप्ता-द्वितीय ने कहा कि मामले की गंभीरता और आरोपी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए उसे किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा सकती है।

सुनवाई के दौरान अदालत में आरोपी तुलछाराम के वकील ने कहा कि वह पिछले दो सालों से जेल में है। उसके बड़े भाई बीकानेर के एक अस्पताल में वेंटिलेटर पर है और भाई की देखभाल के लिए उसे 15 दिन की अंतरिम जमानत दी जाए।

## ममता बोलीं- टीएमसी विधायकों पर भाजपा जॉइन करने का दबाव

### पुलिस उन्हें डरा-धमका रही; पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो एमएलए को निकाला

कोलकाता।

बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस टीएमसी विधायकों पर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रही है। ममता ने दावा किया कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। ममता का वीडियो मैसेज टीएमसी के भीतर टूट की खबरों के बीच आया है। पार्टी ने आज अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋत्ब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया है। दोनों पर पार्टी के खिलाफ बयान देने और बैठकों से दूर रहने के आरोप हैं।

### वीडियो मैसेज में ममता की 4 बड़ी बातें...

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह चौंकाने वाला है। बेले व्यू अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाया गया, लेकिन उन्हें इलाज नहीं करने के निर्देश दिए गए। यह कैसा अजीब और तानाशाही रवैया है? बेले व्यू अस्पताल के लोग पहले मेरे पैर छूते थे। आपके बिड़ला और लोढ़ा परिवारों से करीबी संबंध और कारोबारी रिश्ते थे, और आप उनके सामने झुकते थे। हमारे मेयर ने सारी व्यवस्था संभाली थी। छह महीने पहले ही हमने अपोलो अस्पताल का लाइसेंस रिन्यू किया था। टीएमसी ने किसी से पैसे नहीं लिए हैं। हो सकता है कुछ लोग हालात का फायदा उठाते हों, लेकिन वे अब पार्टी छोड़ चुके हैं। उनके जाने से पार्टी का ही भला हुआ है। हम पार्टी को नए सिरे से खड़ा करेंगे। कई लोग लंबे समय तक सत्ता का आनंद लेते रहे। अब जब हम हार गए हैं, तो वे तुरंत दूसरी पार्टी से समझौता करते दिखाई दे रहे हैं। बीजेपी का प्रचार गोएबल्स के प्रचार से भी बदतर है। वे टीएमसी को तोड़ नहीं सकते। टीएमसी नेताओं की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यह झूठ फैलाया जा रहा है कि पार्टी के बड़े नेता कार्यकर्ताओं का साथ नहीं दे रहे हैं। टीएमसी कार्यकर्ताओं को विरोध प्रदर्शन के लिए घरों से बाहर तक नहीं निकलने दिया जा रहा और पार्टी कार्यालयों में भी तोड़फोड़ की जा रही है।

## भारतीय सशस्त्र बलों में बड़ी नियुक्तियां, विनीत मैकार्थी, तरुण चौधरी और राहेल थॉमस ने संभाला कार्यभार

नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बलों में सोमवार को कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां हुईं। वाइस एडमिरल विनीत मैकार्थी ने अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) के 20वें कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वहीं, एयर मार्शल तरुण चौधरी ने सेंट्रल एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पद संभाला। इसके अलावा मेजर जनरल राहेल थॉमस ने सैन्य नर्सिंग सेवा की अपर महानिदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। वाइस एडमिरल विनीत मैकार्थी ने 1 जून, 2026 को श्री विजयपुरम में अंडमान और निकोबार कमान के 20वें कमांडर-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया। 1 जुलाई, 1989 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त करने वाले विनीत मैकार्थी तोपखाने और मिसाइलों के विशेषज्ञ हैं। उनके पास परिचालन, स्टाफ, प्रशिक्षण और त्रि-सेवा क्षेत्रों में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने आईएनएस अजय, आईएनएस खंजर और आईएनएस शिवालिक की कमान संभाली है। इसके अलावा भारतीय नौसेना अकादमी में प्रशिक्षण कमांडर, पूर्वी नौसेना कमान मुख्यालय में कमांड प्लान्स ऑफिसर और नौसेना मुख्यालय में कमोडोर नौसेना योजनाएं जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। फ्लैग रैंक में पदोन्नति के बाद उन्होंने सहायक नौसेना प्रमुख (स्टाफ आवश्यकताएं), कार्मिक सेवा नियंत्रक और पश्चिमी बेड़े के कमांडर के रूप में भी सेवाएं दीं।

## पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार, 35 मंत्रियों ने शपथ ली

### अर्जुन सिंह, तपस रॉय मंत्री बने; शुभेंदु मंत्रिमंडल में अब 41 मिनिस्टर

कोलकाता।




पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

### मंत्रिपरिषद की लिमिट 44, लेकिन शुभेंदु सरकार में 41 मंत्री होंगे

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15% तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे।

### सीएम शुभेंदु ने गृह और वित्त विभाग अपने पास रखा

इससे पहले 11 मई को छ्रूशुभेंदु ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कियाा था। इसमें निशिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया। दिलीप घोष को ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास, कृषि विपणन की जिम्मेदारी सौंपी गई। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, नगर निकाय विभाग दिए गए।

अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति, सहकारिता विभाग दिया गया। क्षुदीराम टूडू को जनजातीय विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने गृह मंत्रालय समेत अन्य सभी मंत्रालय अपने पास रखे हैं।

## शादी के दिन हेलिकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के द रिवेरे वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की पूरी कहानी 1 जून को सामने आई है। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (ह्ल्लस्क्च) जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है।

### पिता बोले- मेरा बेटा जिंदगी के सबसे खुश दिन पर था

डेव के पिता जॉर्ज फिजी ने बताया कहा, मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जॉर्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी। दोनों परिवारों का संबंध अमेरिकी राज्यों साउथ कैरोलीना और जॉर्जिया के चर्च समुदायों से रहा है। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला किया।



परिवार के मुताबिक, डेव फिजी बचपन से ही पायलट बनना चाहता था। उसने कड़ी मेहनत से अपना सपना पूरा किया और बाद में डेल्टा एयर लाइंस में फर्स्ट ऑफिसर बना। डेव को उड़ान और विमानों से बेहद लगाव था।





# मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा, महिला, किसान एवं अंत्योदय के प्रति प्रधानमंत्री का समर्पण तथा विकसित भारत @2047 के निर्माण के लिए उनका विजन और दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। वहीं, राजस्थान के लिए प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह, आत्मीय जुड़ाव तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान आधारभूत संरचना, निवेश, जल प्रबंधन, महिला सशक्तीकरण और जनकल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से अग्रसर है। उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग विकसित राजस्थान के संकल्प को निरंतर शक्ति प्रदान करता है।

## सीएम विजय बोले- डीएमके-एआईएडीएमके को सूट पहनने से दिक्कत क्यों

### मेरी पॉलिटिक्स भी सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट; मैं मुख्यमंत्री नहीं, सेवक हूं

तिरुचिरापल्ली।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में सूट पहनने को लेकर उठे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि डीएमके और एआईएडीएमके को उनके सूट पहनने पर आपत्ति क्यों है। विजय ने कहा, मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानते हैं।

### हॉर्स-ट्रेडिंग के आरोपों को खारिज किया

विजय ने विपक्ष के हॉर्स-ट्रेडिंग के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद दोनों द्रविड़ दल डीएमके और एआईएडीएमके ने सत्ता हासिल करने के लिए हॉर्स-ट्रेडिंग की कोशिशें की थीं। विजय ने आरोप लगाया कि डीएमके की पारिवारिक राजनीति उसकी चुनावी हार का बड़ा कारण बनी। उन्होंने कहा कि जनता अब नई राजनीति चाहती है और टीवीके उसी उम्मीद का प्रतिनिधित्व कर रही है।

## आरएलपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, बेनीवाल की सुरक्षा बहाल करने की मांग



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुकेश रणवां के नेतृत्व में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ता किसान छात्रावास से नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें मुख्य द्वार पर रोकने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता परिसर में पहुंच गए। बाद में एसडीएम कुलदीपसिंह शेखावत ने बाहर आकर ज्ञापन स्वीकार किया। ज्ञापन में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा पुन: बहाल करने, प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था में सुधार तथा नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा महंगाई पर नियंत्रण, पेयजल संकट के समाधान, सड़क, बिजली व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किसानों के फसल बीमा क्लेम का भुगतान, आवारा पशुओं की समस्या के समाधान तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर नेमीचंद मिठारवाल, मुकेश रणवां, महिपालसिंह पूनिया, विक्रमसिंह मूंड, पितांबर ढाका, अमरचंद ढाका, आशिष पिलानिया, धीरज नायक, मनीष नायक, राहुल मेघवाल, सौरभ नायक, इंद्राज झाझड़िया, सुखवीर मांठ, ओमप्रकाश एचरा, विकास महला, योगेश चाहर, रामनिवास कुमावास, विकास दूत सहित बड़ी संख्या में आरएलपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़कों पर घूम रही है मौत, प्रशासन हादसों के बाद भी नहीं ले रहा सबक

नंदलाल गौड़



**लोसल ( नवयत्न )।** नेछवा के पास झाझड़ एवं रानोली में आवारा सांड के हमला से एक ही दिन में एक महिला व एक युवक की मौत होने के बावजूद लोसल नगरपालिका प्रशासन शहर में विचरण कर रहे आवारा सांडों को लेकर सबक नहीं ले रहा है। हालात यह है कि गली-मोहल्ले में यह आवारा सांड घुमते फिरते रहते हैं, शहर के व्यस्त मार्ग बाजार में भी आवारा सांडों को झुंड के साथ देखा जा सकता है। जब शहर के बाजारों में भी झुंड के साथ सांड विचरण करते हैं तो उन्हें देखकर राहगीर सकते में आ जाते हैं। क्योंकि जिले में एक दिन में सांडों के हमले से दो लोगों की मौत होने के बाद लोगों में भय उत्पन्न हो गया है। सोमवार को मुख्य बाजार में सुबह आवारा सांडों का झुंड सड़क के बीच विचरण कर रहे थे। जिसका विडियो भी वायरल हुआ है। विडियो में चार-पांच सांड एक साथ मुख्य बाजार की सड़क पर खड़े है। बाजार में भीड़ भाड़ लोगों की बनी रहती है। ऐसे में आवारा सांडों की धमाचौकड़ी के बाद नगरपालिका प्रशासन सुध नहीं लेने से हादसे को निमंत्रण दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर के व्यस्त मार्ग पर भी घूम रही है मौत, इसके बावजूद नगरपालिका प्रशासन हरकत में नहीं आ रहा है।

## एआई और उद्योगों की साझेदारी से तैयार होगा राजस्थान का शिक्षा तंत्र

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान को एआई आधारित शिक्षाएनवाचार और कुशल मानव संसाधन का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंथन जयपुर में आयोजित राजस्थान एजुकेशन समिट 2026 में हुआ। एसोचैम राजस्थान स्टेट काउंसिल और आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समिट का विषय थादृएआई आधारित शिक्षा एवं विजन 2030 के माध्यम से राजस्थान को सशक्त बनाना। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिट में 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई के जिम्मेदार उपयोग, शिक्षा एवं उद्योग जगत के सहयोग, डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास, नवाचार आधारित शिक्षण तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ पी. आर. सोडानी ने कहा कि एआई आधारित शिक्षा केवल डिजिटल परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समान अवसरों के सृजन, विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच विकसित करने तथा युवाओं को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने का माध्यम भी है।

## चारण ने आटा चक्की व कूलर किए भेंट

**तारानगर ( नवयत्न )।** समाजसेवी अमरसिंह चारण की प्रेरणा से सुभाष गुरुकुल तारानगर के निदेशक सुभाष चारण ने एक आटा चक्की व 2 कूलर भेंट किए है। चारण ने तारानगर पुलिस थाने में मेस के लिए एक आटा चक्की व कूलर भेंट किया। वहीं जीएसएस लूणास में एक कूलर भेंट किया है। आटा चक्की व कूलर भेंट करने पर पुलिस स्टाफ व जीएसएस लूणास के स्टाफ सदस्यों ने चारण का आभार जताया।



# मारपीट के विरोध में उबाल, निकाली गई सर्व समाज की रैली

निसं

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** खाटूश्यामजी कस्बे के तोरणद्वार के पास करण कुमावत के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर कस्बे में आक्रोश फैल गया।

लपका गिरोह द्वारा युवक के साथ की गई मारपीट के विरोध में सोमवार को सर्व समाज के लोगों ने तोरणद्वार से थाना परिसर तक विरोध रैली निकाली और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर थाना परिसर के बाहर खाटू धाम व्यापार मंडल सहित सर्व समाज के लोग विरोध प्रदर्शन किया। रैली के बाद थाना परिसर के बाहर धरना देकर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। सुबह 11बजे से दिया जा रहा है धरना थानाधिकारी पवन कुमार चौबे के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। गौरतलब है कि 26 मई को गेस्ट हाउस में कमरा लगाने को लेकर हुए विवाद के दौरान तोरणद्वार पर युवक के साथ मारपीट की गई थी। घटना में घायल युवक करण कुमावत का सीकर में इलाज चल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन आश्वासन के बाद भी सर्व समाज के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रखने की बात पर अड़े रहे।

### थानाधिकारी के आश्वासन पर धरना समाप्त

सुबह 11 बजे से खाटू धाम व्यापार मंडल व सर्व समाज के लोगों ने धरना थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने आरोपियों को एक दिन में पकड़ने का आश्वासन दिया तब जाकर धरना समाप्त कर दिया गया। इससे पहले डीवाईएसपी राव आनंद कुमार व थानाधिकारी पवन कुमार चौबे से प्रतिनिधि मंडल मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग रखी।

# अनूठी पहल : बिना हेलमेट चालकों को पहनाए आईएसआई मार्क हेलमेट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और दुपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान की शुरुआत की। यह अभियान अजमेरी गेट स्थित यादगार भवन के पास यादगार तिराहे पर चलाया गया, जहां बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दुपहिया चालकों को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई तथा उन्हें आईएसआई मार्क हेलमेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल ने कहा कि राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और इसी दिशा में ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का खतरा सबसे अधिक रहता है, इसलिए इसका उपयोग जीवन सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में काफी सफलता मिली है और इस प्रकार के अभियान आमजन के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने बिना हेलमेट चल रहे वाहन चालकों को रोका, उन्हें समझाइश दी और आगे से हमेशा हेलमेट पहनने का संकल्प दिलाते हुए मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण आईएसआई मार्क हेलमेट प्रदान किए। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात दक्षिण रानू शर्मा ने इस पहल को समाज के लिए अत्यंत सकारात्मक बताते हुए सहयोगी संस्था का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त अमीर हसन सहित यातायात पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद रहे। वहीं सहयोगी संस्था फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से चीफ बिजनेस एंड कलेक्शन ऑफिसर मयंक मार्कंडेय, सीएसआर हेड विपुल तांबी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन ने भी भाग लिया।

## अनोखी पहल : राजस्थान पेंशनर समाज ने पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा शासन सचिवालय की ओर से एनबीसी रोड स्थित प्रदेश कार्यालय परिसर 1-ए हरिपुरा, जल भवन के पास में एक अनूठे संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के तहत पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें अप्रैल और मई 2026 के महीने में जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ मनाने वाले पेंशनर साथियों का भव्य सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने महायज्ञ की अवधारणा और इसके सामाजिक-आध्यात्मिक महत्व की खुलकर सराहना की। विधायक ने कहा कि ऐसे रचनात्मक और आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम बनते हैं। आचार्य पीठ से पधारे गायत्री वेदना निवारण केन्द्र के विद्वान पंडित हरिराम गुप्ता एवं दिवाकर शर्मा ने पूर्ण वैदिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पंच कुंडीय महायज्ञ का संचालन कराया। आचार्यों ने अपने संबोधन में जन्मदिवस और वैवाहिक वर्षगांठ को पाश्चात्य संस्कृति के बजाय भारतीय संस्कारमय ढंग से मनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने श्बलिवैश्व यज्ञ की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। महायज्ञ की पूर्णाहुति पर उपस्थित सभी पेंशनर्स और प्रबुद्ध जनों ने अपने जीवन से एक बुराई त्यागने और एक अच्छी आदत अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। उत्सव के दूसरे चरण में अप्रैल-मई माह में जन्म लेने वाले और विवाह बंधन में बंधने वाले वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान किया गया।

राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर तथा उप शाखा शासन सचिवालय के अध्यक्ष भगवान सहाय मीणा ने सभी सम्मानित साथियों का माला एवं पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल समापन पर उप शाखा अध्यक्ष भगवान सहाय मीणा ने मुख्य अतिथि, गायत्री परिवार के आचार्यों, सभी सहयोगियों और उपस्थित पेंशनर साथियों का आभार व्यक्त किया।

## अजेय कुमार को राजस्थान भाजपा संगठन की सौंपी कमान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा वरिष्ठ संगठनकर्ता एवं उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार को राजस्थान भाजपा का प्रदेश महामंत्री संगठन नियुक्त किए जाने पर पार्टी में हर्ष व्यक्त किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अजेय कुमार का संगठनात्मक अनुभवए कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण एवं कुशल नेतृत्व राजस्थान भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा जनसेवा और संगठन विस्तार के कार्यों को गति मिलेगी। राठौड़ ने उनके संगठनात्मक जीवन का उल्लेख करते हुए बताया कि अजेय कुमार ने 1997 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में श्रीनगर गढ़वाल से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने श्रीनगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद एवं बिजनौर क्षेत्रों में संगठनात्मक दायित्व निभाए। वर्ष 2018 में वे भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री संगठन बने तथा वर्ष 2019 से उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन के रूप में संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। उनके कार्यकाल में सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण, बूथ सशक्तीकरण, कार्यकर्ता संवाद तथा संगठन-सरकार समन्वय जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए।

## किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा : कैलाश चौधरी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राजस्थान की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सोमवार को प्रांतीय मुख्यालय में मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राजस्थान में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी 12 जून को जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले एक दिवसीय राज्य स्तरीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती से हटकर प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करना है। कैलाश चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं उनकी विशेषज्ञ टीम किसानों को जीवामृत निर्माण, भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीकों का प्रशिक्षण देगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के भी शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक मंडल से 5-5 इच्छुक किसानों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक जिले से 150 किसानों की सूची तैयार कर प्रदेश कार्यालय को भेजी जाएगी, जिन्हें 12 जून को जयपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## समर कैंप के दौरान डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान डीजेजेएस के मंथन प्रकल्प के अंतर्गत जयपुर स्थित सोडाला आश्रम में समर कैंप के दौरान डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन अभिभावकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने बच्चों को संस्कारयुक्त एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास में योगदान दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों को स्मृति-चिह्न एवं उपयोगी सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। वर्तमान में चल रहे समर कैंप में बच्चों को कला, संस्कृति, नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैए जिससे उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को निखारा जा रहा है। साध्वी लोकशा भारती ने बताया कि मंथन प्रकल्प का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है, जिसमें उन्हें शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्य और जीवन मूल्यों से जोड़ा जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

# चौपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, गैंग के आठ सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले चोरों और उनके संगठित सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी हुई स्कॉर्पियो बरामद कर दो मुख्य वाहन चोरों सहित चोरी का वाहन खरीदने वाले और नेटवर्क में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने इनके कब्जे से दो लग्जरी कारें तथा 1,96,000 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले चोरों और उनके संगठित सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी हुई स्कॉर्पियो बरामद कर मुख्य वाहन चोर जयप्रकाश मीणा उर्फ टिंकू 19 निवासी मण्डावर जिला दौसा हाल खोह नागोरियान सुनील मीणा 25 निवासी रैणी जिला अलवर हाल इंदिरा गांधी नगर खोह नागोरियान सहित चोरी का वाहन खरीदने वाले एवं नेटवर्क सदस्य अनिल कुमार कीर 24 निवासी निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़, रवि धोबी 32 निवासी कीरखेड़ा चित्तौड़गढ़, मनीष कुमार तिवारी 46, निवासी मंदसौर मप्र हाल नीमच मप्रद्धलादूलाल जाट 41, निवासी कशमोर चित्तौड़गढ़, इन्द्र कीर 22 निवासी कीरखेड़ा चित्तौड़गढ़ और राहुल भाट 20 निवासी कीरखेड़ा कच्ची बस्ती चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से बरामदगी में चोरी की स्कॉर्पियो के साथ दो लग्जरी वाहन-स्विफ्ट डिजायर और वरना सहित 1,96,000 रुपये नकदी बरामद की है।

खोह नागोरियान थानाधिकारी ओमप्रकाश मातवा ने बताया कि वाहन खरीदने वाले कई आरोपी लूट, चोरी और एनडीपीएस जैसे गंभीर अपराधों में पहले से संलिप्त हैं तथा इनके खिलाफ विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम गिरोह से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है तथा पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार, अशोक कुमार, कांस्टेबल रामावतार, हरेन्द्र, अशोक कुमार, दिनेश, रविन्द्र, विनोद सहित अन्य जवानों ने तकनीकी व जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उगौरतलब है कि 27 मई 2026 को परिवादी देवेंद्र मीणा 23 निवासी नारायण सिटी, कंचनजंगा अपार्टमेंट के पास जगतपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 मई 2026 की तड़के करीब 4:30 बजे घर के बाहर पार्क की गई उनकी काले रंग की स्कॉर्पियो चोरी हो गई। इस पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की विशेष टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की तथा तकनीकी निगरानी के आधार पर उनका पीछा शुरू किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में दबिश देकर मुख्य आरोपियों सहित वाहन खरीदने वाले पूरे नेटवर्क को गिरफ्तार किया।


**आम सूचना**

मेरे पति ग्यारसीलाल पुत्र हीराराम के नाम से एक वाहन नंबर आर.जे. 18 पीबी 3216 है। यह कि मेरे पति का दिनांक 6-5-2026 को देहांत हो चुका है अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी आपत्ति परिवहन कार्यालय झुंझुनू में दर्ज करवा सकता है।

**सुमित्रा देवी पत्नी ग्यारसीलाल**
**निवासी-गढ़ला कलां, तहसील-गुढ़ा, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल लोसल जिला-सीकर**

क्रमांक : न.पा.लो./2026-27/568 दिनांक :-26.05.2026

**ई-बोली सूचना-02/2026-27**

नगरपालिका मण्डल लोसल द्वारा स्टोर शाखा के अन्तर्गत कार्य करवाये जाने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से तकनीकी व वितीय (दो लिफाफा पद्धति) द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑन लाईन बोली दिनांक 28.05.2026 से 08.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है। बोली की शर्ते http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in तथा पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। जिसके एन.आई.बी कोड़ – **DLB2627A2269** व यु.बी.एन. नम्बर निम्नानुसार है:-
**UBN No. – DLB2627GLOB05784**

राज.संवाद/सी/26/3797 **अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका लोसल**

# बाबू उतरे सड़कों पर, शुरू हुआ स्वाभिमान बचाओ आंदोलन, शुरू हुई महाजल समाधि की तैयारियां

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन (राजस्थान) उपशाखा पंचायत समिति सूरजगढ़ द्वारा मंत्रालयिक कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु विकास अधिकारी पंचायत समिति सूरजगढ़ गणेशाराम जाखड़ को ज्ञापन सौंपकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत पंचायतीराज विभाग के बाबू सड़कों पर उतर आए। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भाम्बू ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं तथा उनके प्रति विभाग द्वारा अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर के लगभग 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारी अपनी न्यायोचित मांगों के लिए ढाई साल से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। संगठन ने सरकार एवं विभागीय अधिकारियों से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पैटर्न लागू करने केडर रिव्यू, स्वतंत्र कार्य विभाजन, नोशनल लाभ, अंतरजिला स्थानांतरण सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी ज्ञापन दिया गया। उन्होंने बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न चरणों में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रचार-प्रसार, ज्ञापन, संवाद कार्यक्रम, पेन डाउन आंदोलन, सद्बुद्धि यज्ञ तथा जयपुर कूच जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगठन के अनुसार यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 1 जुलाई 2026 से संपूर्ण कार्य बहिष्कार प्रारंभ किया जाएगा तथा 6 जुलाई को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास के घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 7 जुलाई को जलमहल पर प्रेस वार्ता एवं सामूहिक जल समाधि जैसे आंदोलनात्मक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक एवं त्वरित निर्णय लेकर आंदोलन की आवश्यकता समाप्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होने से पंचायतीराज संस्थाओं के प्रशासनिक कार्यों में भी अधिक दक्षता एवं पारदर्शिता आएगी। इस मौके पर ब्लॉक से सभी मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शुरू हुआ स्वाभिमान बचाओ आंदोलन

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन (राजस्थान) उपशाखा पंचायत समिति सुजानगढ़ द्वारा मंत्रालयिक कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु चरणबद्ध आंदोलन के तहत पंचायतीराज विभाग के बाबू सड़कों पर उतर गए। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद कीलका ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं तथा उनके प्रति विभाग द्वारा अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर के लगभग 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारी अपनी न्यायोचित मांगों के लिए ढाई साल से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। संगठन ने सरकार एवं विभागीय अधिकारियों से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पैटर्न लागू करने, केडर रिव्यू, स्वतंत्र कार्य विभाजन, नोशनल लाभ, अंतरजिला स्थानांतरण सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी ज्ञापन दिया गया। उन्होंने बताया कि घोषित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न चरणों में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रचार-प्रसार, ज्ञापन, संवाद कार्यक्रम, पेन डाउन आंदोलन, सद्बुद्धि यज्ञ तथा जयपुर कूच जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगठन के अनुसार यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 1 जुलाई से संपूर्ण कार्य बहिष्कार प्रारंभ किया जाएगा तथा 6 जुलाई को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास के घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 7 जुलाई को जलमहल पर प्रेस वार्ता एवं सामूहिक जल समाधि जैसे आंदोलनात्मक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। मीडिया प्रभारी ज्योति तंवर ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक एवं त्वरित निर्णय लेकर आंदोलन की आवश्यकता समाप्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होने से पंचायतीराज संस्थाओं के प्रशासनिक कार्यों में भी अधिक दक्षता एवं पारदर्शिता आएगी। इस मौके पर ब्लॉक से मनफूल सिंह, ओमप्रकाश, अमित कुमार, सिद्धार्थ पारीक, बजरंगलाल, रामचन्द्र मेघवाल, तिलोकचंद, रामस्वरूप, निजाम खान, वीरेंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद, कानाराम, सराजुद्दीन, रिंकू, मंजू शर्मा, कृष्ण गोपाल, फिरोज आदि मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

दूसरी ओर कर्मचारियों ने उपखंड अधिकारी और विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपे।

# पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। तारानगर ब्लॉक के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने प्रदेश व्यापी आह्वान पर सोमवार को मुख्यमंत्री व पंचायत राज मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी प्रियंका कड़ेला एवं विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा को ज्ञापन सौंपा। मंत्रालय संघ के अध्यक्ष धनराज डागर ने बताया कि ज्ञापन में मंत्रालयिक कर्मचारियों ने सम्पूर्ण उत्तराखण्ड पैटर्न लागू करने, वित्त विभाग के नॉर्म्स अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर त्रिस्तरीय व्यवस्था करने, कार्मिक विभाग के नियमानुसार सम्पूर्ण केडर रिव्यू करने, पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक की तर्ज पर अतिरिक्त प्रभार व हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने, एक ही भर्ती में देरी से भर्ती किये गए कार्मिको को नोशनल परिलाभ देने, अंतरजिला स्थानांतरण करने, कनिष्ठ लिपिक भर्ती 2013 में फर्जी प्रकरण की जांच विरोधी केडर से नहीं करवाकर तृतीय पक्ष से निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की। मंत्रालयिक कर्मचारियों ने मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक निर्णय नहीं करने पर जयपुर में मुख्यमंत्री के घेराव के बाद सामूहिक महाजल समाधि लेने की चेतावनी दी। इस मौके पर अनेक तारानगर ब्लॉक के मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद थे।

# ज्ञापन : रात्रि चौपाल आयोजित कराने की मांग



प्रदीप सैनी

**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** नगरपालिका दांता क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के समाधान के लिए ग्रामीणों और नगरवासियों ने जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल जनसुनवाई आयोजित कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में दांतारामगढ़ की उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि नगरपालिका दांता के विभिन्न वार्डों में नियमित साफ-सफाई नहीं होने से जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं तथा नालियां अवरुद्ध पड़ी हैं। इससे क्षेत्र में गंदगी बढ़ने के साथ-साथ मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। इसके अलावा भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि पानी की आपूर्ति अनियमित एवं कई स्थानों पर दूषित हो रही है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगरपालिका के प्रशासनिक कार्यों, पट्टे जारी करने की प्रक्रिया तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है। आम नागरिकों को अपने वैध कार्यों के लिए भी बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नगरवासियों ने मांग की कि क्षेत्र की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए जिला कलेक्टर की विशेष रात्रि चौपाल शीघ्र आयोजित करवाई जाए, जिसमें सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें और मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं दांता नगरवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## विभिन्न मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआई बैगाराम मीण ने बताया कि शादी का झांसा देकर ज्यादती करने के आरोप में बबलू पुत्र दानाराम निवासी मलसीसर को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार दुलिया बास स्थित मंदिर में चोरी करने के आरोप में संतोष कुमार उर्फ कानू लोहिया, वार्ड 37, सुजानगढ़ को नशा मुक्ति केंद्र नोहर से गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकर नकबजनी के आरोपी नदीम उर्फराजू पुत्र फारूक निवासी धिंगानिया बास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# नीट परीक्षा धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

निसं



**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** कस्बे में सोमवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के आदेशानुसार सुबह 11 बजे उपखंड कार्यालय के बाहर नीट परीक्षा में धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर उदयपुरवाटी कांग्रेस के विधायक भगवाना राम सैनी के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में नीट परीक्षा में हुई धांधली व बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उसके बाद विधायक भगवाना राम सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि देश में बढ़ रही कमरतोड़ महंगाई देश में पेट्रोल, डीजल, गैस व दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस महंगाई ने गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग की कमर तोड़कर रख दी है। ज्ञापन में आगे लिखा है कि नीट परीक्षा पेपर लीक में हो रही धांधली व हाल ही में आयोजित हुई नीट परीक्षा में पेपर लीक होने व बड़े पैमाने पर हुई धांधली से देश के लाखों मेधावी व मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ हुआ है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, रामकरण सैनी, के के सैनी, अजय तसीड़, शिव प्रसाद चेजारा, श्यामलाल सैनी, एडवोकेट श्रवन सैनी, महेश सैनी, ख्याली राम टोडी, ताराचंद सैनी नांगल, बाबू लोहार, पंकज सैनी बागोरा, माहिर खान, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, हेमंत सैनी, अमित अली कच्छावा, राहुल चेजारा, जगदीश बागड़ी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शातिर नकबजन गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवरात व बर्तन बरामद

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाली एक शातिर अंतरराज्यीय नकबजन गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई कर ऐजास उर्फ मोटा और उसके साथी कासिफखान को दबोचते हुए उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण एवं चांदी के बर्तन बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि नाहरगढ़ थाना पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाली एक शातिर अंतरराज्यीय नकबजन गैंग के शातिर बदमाश कासिफखान 19 निवासी जालुपुरा जयपुर और ऐजास उर्फ मोटा 24 निवासी कोतवाली टोंक हाल शिवपुरी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का माल बरामद किया है, जिसमें सोने की चेन, अंगूठियां, चांदी की थाली, कटोरी, बगड़ी, ब्रेसलेट, चांदी का नारियल तथा 40 घुंघरू शामिल हैं। थानाधिकारी दशरथ ने बताया कि मुख्य आरोपी ऐजास उर्फ मोटा आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ टोंक कोतवाली थाने में पूर्व में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट, अपहरण एवं पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल टीम ने साइबर सेल की सहायता से लगातार तकनीकी निगरानी कर आरोपियों को ट्रैक किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जा रहाह, ताकि शेष चोरी की नकदी एवं आभूषणों की बरामदगी की जा सके। थानाधिकारी दशरथ ने बताया कि 14 मई 2026 को माउंट रोड, नाहरगढ़ निवासी पीड़ित परिवादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका जंवाई गंभीर बीमारी के कारण मालवीय नगर स्थित अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती था, जिसके चलते 11 मई 2026 को पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर अस्पताल चला गया था। इसी दौरान 12 मई 2026 की रात जंवाई का निधन हो गया, जिसके चलते परिवार अस्पताल से सीधे कमानी फैक्ट्री, नारायण नगर स्थित निवास पर रुक गया। अगले दिन 13 मई की सुबह जब भतीजा घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर अलमारियां व तिजोरी के कुंदे कटे हुए पाए गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने तिजोरी में रखे 1.50 लाख रुपये नकद सहित सोने-चांदी के कीमती आभूषण चुरा लिए। चोरी गए सामान में सोने के 2 जोड़ी हार, 3 जोड़ी झुमकी, बोरडे, रखड़ी, गोखरू, कड़े, 7 जेंट्स अंगूठी, 10 लेडीज अंगूठी, 2 जंतर, मंगलसूत्र, आड़, 2 चेन, लॉकेट, ब्रेसलेट एवं अन्य आभूषण शामिल हैं। वहीं चांदी के आभूषणों व बर्तनों में पायल, हार, रखड़ी, गोखरू, पोछी, चांदी के बर्तन, नारियल, 20 सिक्के तथा गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां शामिल थीं। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया।

# गौभक्त पहुंचे बागेश्वर धाम, निशान चढ़ाया व बालाजी के किए दर्शन

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** गोमाता के नाम समर्पित संकल्प के साथ बुगाला से पैदल यात्रा पर निकले गौभक्त अपने पवित्र गंतव्य बागेश्वर धाम पहुंच गए। यात्रा पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं ने बागेश्वर धाम में बालाजी महाराज के दर्शन कर निशान चढ़ाया, पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, गौसंरक्षण और जनकल्याण की कामना की। गौरतलब है कि गांव के विजयपाल सिंह व रवि शर्मा आदि गौभक्तों ने बुगाला से बागेश्वर धाम तक लगभग 780 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा का संकल्प लिया था जो 23 दिन में पूरी हुई। यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों और कस्बों में गोसेवा, सनातन संस्कृति और धार्मिक जागरूकता का संदेश दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने यात्रियों का स्वागत एवं सम्मान किया। बागेश्वर धाम पहुंचने पर गौभक्तों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और गोमाता की सेवा एवं संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इन्होंने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि समाज में गौसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास भी है।

यात्रा की सफल पूर्णता पर क्षेत्रवासियों और गौभक्तों में हर्ष का माहौल है तथा श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से भरपूर अनुभव बताया।

# महिला सिलाई केंद्र का उद्घाटन

निसं



सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय मानव सेवा संस्थान में नि:शुल्क महिला सिलाई केंद्र का उद्घाटन डॉक्टर शर्मिला सोनी ने किया। कार्यक्रम में संस्थान समन्वयक माणकचंद सराफ, नोरतनमल छाजेड़, अशोक कुमार, धनराज सिंगोदिया, पवन कुमार शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, हंसराज तंवर, कपिल देव माटा, उम्मेदसिंह, हुकमाराम मेघवाल, महिला प्रशिक्षक मधु गुर्जर एवं अनेक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण की पहली यूनिट 3 माह तक नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। डॉक्टर शर्मिला सोनी ने कहा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में संस्था की यह अच्छी पहल है। संचालन मंगलाराम गुर्जर ने किया।

# भीषण गर्मी में लगाए परिंडे



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा शहर मंडल द्वारा वार्ड संख्या 17 स्थित गोगामेड़ी के आगे भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पेट्रोल-डीजल की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से धनमंत्री नगर क्षेत्र में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और ऊर्जा बचत को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि इससे ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी भी आती है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। भाजपा जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कहा कि परिंडे लगाने और साइकिल रैली जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं तथा आमजन को प्रकृति और राष्ट्रहित के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, शहर मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, महामंत्री डॉ अरुण पंचलगिया, दीपक मुरारका, मंत्री भिवराज प्रजापत, राजकुमार महर्षि, सुरेन्द्र सिंह, शम्भूदयाल लाटा, रमेश जैदिया, रामस्वरूप भार्गव, झूमर भार्गव सहित कई भाजपाई व वार्डवासी उपस्थित रहे।

# प्रतिभाओं का किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय होली धोरा स्थित कायमखानी गेस्ट हाऊस में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हाजी सुल्तान खान की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में होली धोरा के वरिष्ठ जनों द्वारा थल सेना में चयनित होने पर सैनिक इमरान खान, शाहरूख खान, रिजवान खान, अब्दुल रहमान, अध्यापक मो. अली खान, शाहरूख खान, सलीम खान, अफसाना खान और एमबीबीएस डॉ सिमरन खान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत सूबेदार इकबाल खान, हुसैन खान, अयूब खान, सवाई खान, जोरावर खान, सिकंदर खान, मुमताज खान, रजाक खान, मनवर खान, इस्माइल खान, निवर्तमान पार्षद ईकबाल खान कायमखानी आदि प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

# कनिष्ठ सहायकों ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान पंचायती राज मंत्रालय कर्मचारी संघ उप शाखा नवलगढ़ के तहत पंचायत समिति नवलगढ़ में कार्यरत मंत्रालय कार्मिक ग्राम पंचायत में कार्यरत कनिष्ठ सहायकों ने मिलकर के अपनी वाजिब एवं मौलिक मांगों के संबंध में सोमवार को नवलगढ़ उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत एवं नवलगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी रितेश सांखला को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम से एवं पंचायती राजमंत्री मदन दिलावर एवं मुख्य सचिव राजस्थान सरकार व मुख्य शासन सचिव पंचायती राज के नाम से ज्ञापन प्रेषित किया। मंत्रालय कर्मचारियों के ज्ञापन में समकक्ष कार्मिकों के समान यथा पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम सेवक के समान वेतन विसंगति दूर करने, ग्राम पंचायत में कार्यरत कनिष्ठ सहायकों को फील्ड बता देने, अंतर जिला स्थानांतरण पॉलिसी लागू करने, स्टेट परिर्टी के समान ग्रेड पे 3600 करने, हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने, मंत्रालय कार्मिकों को राजस्थान ग्रामीण विकास अधीनस्थ सेवा में 50 प्रतिशत पदों पर मंत्रालयिक सेवा के कार्मिकों से पद भरने जैसी संबंधित मांगे सम्मिलित हैं। इस मौके पर रोहिताश कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र, भंवरलाल चाहर, रामलाल जागृत, राजेश ठठेरा, शीशराम, विजेंद्र कुमार धायल, कविता कुमारी, हरिप्रसाद सैनी, मंजू, संतोष कुमार सैनी, सविता कुमारी, पिंकी, सरिता, ननीता कुमारी, संजू, डालचंद ढाका, इंद्राज, श्रीराम, गौरव, नारायण सिंह, पंकज, सिवान सहित बहुत से कार्मिक उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** जगन्नाथ कंदोई उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर सूरजमल हीरालाल काशीराम कंदोई भवन तारानगर में ग्रीष्मकालीन शिविर समापन समारोह रहा जिसमें बहनों द्वारा नित्य प्रस्तुति, स्पोकन प्रस्तुति, घोष प्रस्तुति, सिलाई प्रदर्शन, मेहंदी प्रदर्शन दिखाया गया। जिसमें अपने विद्यालय की बहनें 59 व अन्य विद्यालय की बहनें 22 रही बहनों ने ग्रीष्मकालीन शिविर में सिखाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में अपना अनुभव बताया और कहा हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाए। इसमें प्रतिभागियों व प्रशिक्षण देने वाले सभी को भामाशाह रितू कंदोई द्वारा पुरस्कृत किया गया व सभी बहनों को चाकलेट वितरण की गई। कल विद्यालय में रितू द्वारा भजन कीर्तन आयोजन भी किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति, मातृ भारतीय समिति सदस्य, अभिभावकगण, प्रधानाचार्या व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# निवर्तमान पार्षदों ने मांगा वेतन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अनेक निवर्तमान पार्षदों ने आयुक्त नगरपरिषद को ज्ञापन देकर बकाया वेतन दिए जाने की मांग की गई है। इस बारे में तरूण सियोता, बिलाल भूरान, इकबाल, लियाकत आदि की ओर से आयुक्त को ज्ञापन देकर बताया गया है कि 7-8 महीनों का वेतन बकाया होने से कई पार्षदों की आर्थिक स्थिति खराब है, इसलिए जल्द से जल्द भुगतान किया जावे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190